FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

गुड फ्राइडे आज

वर्ष: 4 I अंक: 127 | जयपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025 I बैशाख, कृष्ण पक्ष- पंचमी, विसं 2082 | पृष्ठ: 10 I मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### BCCI ने अभिषेक नायर को सहायक कोच पद से हटाया



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर को सिर्फ आठ महीने बाद पद से हटा दिया गया है। यह फैसला हालिया टेस्ट हारों और सहयोगी स्टाफ के भीतर मतभेदों के चलते लिया गया। सूत्रों के अनुसार, नायर एक वरिष्ठ स्टाफ सदस्य और खिलाड़ी के बीच विवाद में बलि का बकरा बने। फील्डिंग कोच टी दिलीप और स्ट्रेंथ कोच सोहम देसाई का कार्यकाल भी खत्म होने वाला है। माना जा रहा है कि एड्रियन ले रॉक्स की वापसी संभव है। नायर को सितांशु कोटक के आने के बाद हटाने की योजना पहले से बन चुकी थी।

नेशनल हेराल्ड मामला

### ईडी ने कुर्क संपत्ति को जब्त करने की मांगी अनुमति

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धनशोधन मामले में हाल ही में दाखिल आरोपपत्र में 661 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त करने का अनुरोध किया है, जिसे उसने जांच के दौरान कुर्क किया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने अभियोजन पक्ष की शिकायत (आरोपपत्र) में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बयान भी संलग्न किए हैं, जो उसने 2022 में उनसे पूछताछ के दौरान दर्ज किए थे। सूत्रों ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि दोनों नेताओं ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है और कहा है कि यंग इंडियन (वाईआई) द्वारा एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) का अधिग्रहण व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं था। आरोपपत्र में 78 वर्षीय राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को आरोपी नंबर एक और उनके बेटे राहुल गांधी (54) को आरोपी नंबर दो के रूप में नामित किया गया है।

## ये भी देखें...

अजमेर दरगाह विवाद पहुंचा हाई कोर्ट पेज-4

पीएम मोदी से मिले दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधि पेज-8

**उपराष्ट्रपति की तीखी टिप्पणी:** न्यायपालिका 'सुपर संसद' नहीं बन सकती, अनुच्छेद 142 बना परमाणु मिसाइल

# अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं: जगदीप धनखड़

बेधड़क | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को न्यायपालिका पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वह 'सुपर संसद' की भूमिका नहीं निभा सकती और उच्चतम न्यायालय लोकतांत्रिक संस्थाओं पर 'परमाणु मिसाइल' नहीं चला सकता। उन्होंने यह टिप्पणी राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए की। धनखड़ ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति के निर्णय पर समयसीमा निर्धारित करने को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने अनुच्छेद 142 को 'न्यायपालिका को चौबीसों घंटे उपलब्ध परमाणु मिसाइल' बताते हुए कहा कि इसकी निरंतरता लोकतांत्रिक ताकतों पर भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, कार्यपालिका का काम करेंगे और खुद को जवाबदेही से परे मानेंगे। यह स्थिति अस्वीकार्य है।'



### न्यायपालिका अपने दायरे में रहकर काम करें

उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि न्यायपालिका को संविधान के अनुच्छेद 145(3) के तहत ही संविधान की व्याख्या का अधिकार है, जिसमें पांच या अधिक न्यायाधीशों की पीठ आवश्यक होती है। धनखड़ ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है और उसे निर्देश देना संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन है। उन्होंने शक्तियों के पृथक्करण की आवश्यकता को दोहराया और कहा कि जब जनता सरकार चुनती है, तो वही सरकार संसद और देश के प्रति जवाबदेह होती है, न कि न्यायपालिका। अंत में कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को अपने-अपने दायरे में रहकर काम करना चाहिए, ताकि लोकतंत्र मजबूत हो और टकराव की स्थिति से बचा जा सके।

उपराष्ट्रपति धनखड़ का सवाल

### जस्टिस वर्मा केस में FIR क्यों नहीं हुई?

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के घर से नकदी बरामद होने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज न किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि क्या न्यायाधीशों को कानून से परे किसी विशेष श्रेणी का दर्जा प्राप्त है? राज्यसभा प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'अगर यह घटना किसी आम आदमी के घर होती, तो कानून की रफ्तार रॉकेट जैसी होती, लेकिन यहां तो बैलगाड़ी से भी धीमी है।' उन्होंने तीन सदस्यीय न्यायिक जांच समिति की वैधता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जांच कार्यपालिका का अधिकार क्षेत्र है। धनखड़ ने कहा कि पारदर्शिता ही किसी भी संस्था की ताकत है और अगर जांच से पूरी छूट दी जाए, तो वही संस्था पतन की ओर बढ़ती है। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज न होने को लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया और स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसार केवल राष्ट्रपति और राज्यपाल को अभियोजन से छूट है।

ब्रह्माकुमारीज सुरक्षा सेवा प्रभाग का राष्ट्रीय सम्मेलन

# सुरक्षा बलों की तपस्या से सुरक्षित हैं हम: शाह

शाह सशक्त भारत के निर्माण के लिए देश की सुरक्षा नीति के कुशल सारथी: सीएम



बेधड़क | सिरोही/जयपुर

ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय शांतिवन आबूरोड पर गुरुवार को सुरक्षा बल कर्मियों के लिए 'आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्म-सशक्तीकरण' विषयक राष्ट्रीय संवाद के शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सशस्त्र बलों के सुरक्षा कर्मियों के त्याग, तप और बलिदान के कारण ही आज हम सुरक्षित हैं। माइनस 46 डिग्री से लेकर प्लस 46 डिग्री तापमान तक हमारी सीमाओं की सुरक्षा वे अपने जीवन का स्वर्णकाल देकर करते हैं। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों के मन, आत्मा और शरीर को शांति की ओर ले जाने के कार्य के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्था को साधुवाद दिया।

शाह बोले कि योग और अध्यात्म से मन, बुद्धि, शरीर और आत्मा को एकरूप करके ज्ञान से प्रगति के रास्ते पर मानवता को आगे ले जाने की भारत की बहुत पुरानी परंपरा है। हम इस परंपरा को आज भी समग्र विश्व में पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। वसुधैव कुटुंबकम की भावना, विश्व को सबसे पहले भारत ने दी। ब्रह्माकुमारीज ने अपने त्याग, तपस्या और तेज से दुनिया भर में सादगी, संयम और सहयोग का अद्भुत वातावरण खड़ा किया है।



### ब्रह्माकुमारीज में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का अनुभव

शाह ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था में मनुष्य के अंदर की सद्वृत्ति को जागृत करने का प्रयास अनेक वर्षों से किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप मन को अगाध शांति का अनुभव यहां आकर होता है और मैंने आज स्वयं भी यह महसूस किया है। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्था के संस्थापक पूज्य दादा लेखराज कृपलानी जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जीवन में जब गुरु मिल जाता है तो कई लोगों का जीवन सन्मार्ग पर प्रशस्त हो जाता है। लेखराज कृपलानी जी ने ब्रह्माकुमारीज की स्थापना कर हर एक व्यक्ति की आत्मा को ही दीप बनाकर उसके प्रकाश में आगे बढ़ने का बहुत बड़ा आह्वान किया। उन्होंने राजयोगिनी दादी स्व. रतन मोहिनी को नमन करते हुए और राजयोगिनी मोहिनी दीदी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास प्रकट किया कि वे समाज को सद्वृत्ति की ओर ले जाने वाले इस आंदोलन को उतनी ही ऊर्जा और तत्परता के साथ आगे ले जाएंगी। हर मानव के अंदर मौजूद आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ने की शक्ति और हर जीवन को सद्वृत्ति की नई राह पर ले जाने की शक्ति है। शाह बोले कि जब आजादी का शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा, तब पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के हर क्षेत्र में देश को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य लेकर हम चल रहे हैं। शाह व सीएम ने प्रभाग की सिल्वर जुबली की लॉन्चिंग की और वार्षिक थीम "विश्व एकता एवं विश्वास हेतु ध्यान" का उद्घाटन किया।

### सशक्त भारत की राह में ध्यान और योग की अहम भूमिका: भजनलाल शर्मा



**मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश की सुरक्षा और विकास के दर्शन के प्रमुख शिल्पी हैं। वे सशक्त भारत के निर्माण के लिए देश की सुरक्षा नीति के कुशल सारथी होने के साथ-साथ देश की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के भी संवाहक हैं। सीएम ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था ने राजयोग को सहजता के साथ जन-जन तक पहुंचाया है, जो तनावमुक्त जीवन, मानसिक स्वास्थ्य और आत्मबोध का माध्यम बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान की राष्ट्रीय थीम वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक और वैश्विक परिदृश्य में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि जवानों को शारीरिक सामर्थ्य के साथ एक शांत और स्थिर चित्त की जरूरत होती है और यह शक्ति उन्हें ध्यान एवं योग से मिलती है।

**स्टे से इनकार** 5 मई को होगी अगली सुनवाई

# वक्फ में नई नियुक्ति नहीं होगी केंद्र से मांगा 7 दिन में जवाब



**ओवैसी बोले...** हम इस एक्ट को असंवैधानिक मानते हैं



बेधड़क | नई दिल्ली

वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 को लेकर दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन भी गुरुवार को सुनवाई हुई। अदालत ने इस नए कानून पर फिलहाल रोक (स्टे) लगाने से इनकार करते हुए केंद्र सरकार को सात दिन के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ परिषद और बोर्ड में किसी भी नई नियुक्ति पर अस्थायी रोक लगा दी है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक सरकार वक्फ से संबंधित किसी संपत्ति को डीनोटिफाई नहीं करेगी, विशेषकर वे संपत्तियां जो पहले से रजिस्टर्ड या गजटेड हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार अन्य संपत्तियों पर आवश्यक कार्रवाई कर सकती है। इस मामले पर AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, हम इस अधिनियम को पूरी तरह असंवैधानिक मानते हैं। यह अल्पसंख्यकों की संपत्ति और अधिकारों पर हमला है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से कानून को रद्द करने की मांग की।

### पांच मुख्य आपत्तियों पर होगी सुनवाई

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने सुनवाई के दौरान कहा कि 110 से 120 याचिकाओं को पढ़ना संभव नहीं है। ऐसे में कोर्ट अब सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई करेगा। कोर्ट ने सभी याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे नोडल काउंसिल के माध्यम से आपसी सहमति से 5 बिंदु तय करें और उन्हें कोर्ट में प्रस्तुत करें। वहीं याचिकाकर्ता पक्ष के वकील बरुण सिन्हा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वक्फ संपत्तियों से संबंधित किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जाए। केंद्र सरकार की दलील रही कि संसद द्वारा पारित किसी कानून पर सीधे तौर पर स्टे नहीं लगाया जा सकता, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने संतुलन बनाते हुए कुछ अहम निर्देश दिए हैं। अब यह मामला 5 मई, 2025 को दोपहर 2 बजे फिर से सूचीबद्ध किया गया है, जहां पांच प्रमुख बिंदुओं पर सुनवाई होगी।

**यमुना पुनरुद्धार पर उच्चस्तरीय बैठक**

### प्रधानमंत्री मोदी की पहल से बदलेगी यमुना की किस्मत

बेधड़क | नई दिल्ली

यमुना नदी के पुनरुद्धार को लेकर गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में यमुना की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए सफाई और पुनरुद्धार से जुड़ी एजेंसी-वार कार्ययोजना की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ने छठ पूजा के दौरान दिल्लीवासियों के अनुभव को बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया और नदी को जनजीवन से जोड़ने की आवश्यकता जताई। बैठक में नदी किनारे जनभागीदारी आंदोलन, स्वयंसेवकों की भर्ती और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन जैसे उपायों पर चर्चा हुई। साथ ही, ब्रज क्षेत्र को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में शामिल कर 'ब्रज यात्रा' को नदी पुनरुद्धार अभियान से जोड़ने का सुझाव दिया गया। प्रधानमंत्री ने जलमल शोधन संयंत्रों की निगरानी के लिए तात्कालिक आंकड़ों और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की सलाह दी। दिल्ली में एक शहरी नदी प्रबंधन योजना तैयार करने और उसे मास्टर प्लान से जोड़ने का भी निर्णय लिया गया।



पाक सेना प्रमुख के बयान पर भारत की तीखी प्रतिक्रिया

# कश्मीर भारत का अभिन्न अंग... POK जल्दी खाली करो

बेधड़क | नई दिल्ली

भारत ने गुरुवार को पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की कश्मीर को लेकर की गई विवादास्पद टिप्पणी को सख्ती से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कश्मीर को इस्लामाबाद की 'गले की नस' बताया था। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कोई विदेशी वस्तु किसी की गले की नस कैसे हो सकती है? जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग और केंद्र शासित प्रदेश है। पाकिस्तान का इससे कोई लेना-देना नहीं है, सिवाय इसके कि वह अपने अवैध कब्जे वाले क्षेत्र को खाली करे। जायसवाल ने स्पष्ट कहा, ''पाकिस्तान का कश्मीर से एकमात्र संबंध अवैध रूप से कब्जा किए गए क्षेत्र को खाली करने का है। PoK भारत का हिस्सा है और भारत उसे हर हाल में वापस हासिल करेगा।'' उन्होंने जनरल मुनीर की 'गले की नस' जैसी टिप्पणी को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करार दिया और उसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया।



रणधीर जायसवाल

**मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के प्रयास जारी:** पीएनबी घोटाले में फरार चल रहे मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी पर जायसवाल ने कहा, हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। सरकार उसके प्रत्यर्पण के लिए काम कर रही है।

### जनरल मुनीर बोले... हमारी सोच हिंदुओं से अलग



पाक सेना प्रमुख जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में आयोजित एक सम्मेलन में कहा था कि पाकिस्तान की नींव 'कलमा' पर आधारित है और वह हर मायने में हिंदुओं से अलग है। उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान इसलिए बना क्योंकि मुसलमानों की सोच, संस्कृति और धर्म अलग है। मुनीर ने कश्मीर को 'गले की नस' बताया था मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान की 'गले की नस' बताया था। उन्होंने कहा, हमारा रुख बिल्कुल साफ है। कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके वीरतापूर्ण संघर्ष में अकेले नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कश्मीर को गाजा से जोड़ते हुए कहा, पाकिस्तानियों का दिल गाजा के मुसलमानों के साथ धड़कता है।

### बांग्लादेश बनते ही फेल हुई टू-नेशन थ्योरी...

भारत ने दो टूक कहा कि टू-नेशन थ्योरी 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के साथ ही खत्म हो चुकी है। भारत ने इस विचारधारा को विभाजनकारी और असफल करार दिया। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को पहले अपने आंतरिक मामलों, चरमपंथ और आर्थिक संकट पर ध्यान देना चाहिए, न कि भारत के आंतरिक मामलों पर बयानबाजी करनी चाहिए।

बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड में 895 पेज की चार्जशीट पेश

# लड़कियों को कलमा पढ़ने के लिए बाध्य करते थे आरोपी

बेधड़क | अजमेर

ब्यावर जिले में स्थित बिजयनगर में स्कूल छात्राओं से रेप-ब्लैकमेल कांड मामले में पुलिस ने गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट-1 में 895 पेज की चार्जशीट पेश की। चार्जशीट में कहा गया है कि आरोपियों ने हिंदू धर्म से ताल्लुक रखने वाली पीड़िताओं को जबरन कलमा पढ़ने एवं रोजा रखने के लिए भी बाध्य किया। आरोपी गिरोह बनाकर हिंदू नाबालिग लड़कियों का पीछा करते थे और बाद में दोस्ती करने और कैफे में आने के लिए दबाव डालते थे। आरोपी नाबालिगों को अपनी पसंद के कपड़े पहनने का दबाव बनाते थे, अश्लील बातें करते थे और जबरन संबंध बनाने के लिए बाध्य करते थे। शारीरिक शोषण के लिए एक-दूसरे की सहेलियों से मिलवाने का दबाव भी बनाया। हैरानी है कि इस मामले से जुड़ा एक भी आरोपी स्कूल में नहीं पढ़ता था। पांच नाबालिगों के खिलाफ जेजे (जुवेनाइल जस्टिस) कोर्ट में चालान पेश किया गया है।

## जरूरी खबर

### निगम के परिसीमन को लेकर कांग्रेस ने दी आपत्तियां



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के दोनों निगमों के एकीकरण और वार्ड संख्या कम करने को परिसीमन कार्य जारी है। वार्डों के पुनर्गठन को लेकर आपत्तियां ली जा रही हैं। गुरुवार को जयपुर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा दोनों निगमों के एकीकरण और वार्डों के परिसीमन पर एक साथ आपत्तियां कलेक्ट्रेट में दी गईं। इस दौरान जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी, विधायक रफीक खान और पार्षद मौजूद रहे। तिवाड़ी ने कहा कि वार्डों के पुनर्गठन में असमानताएं हैं। कहीं एरिया लंबा, कहीं बहुत छोटा, कहीं एक वार्ड दो विधानसभा क्षेत्रों में चला गया है। वहीं, एक वार्ड तीन थानों में बंट गया है। वार्डों की जनसंख्या भी समान नहीं है। कई वार्डों में जनसंख्या 37 हजार है, तो कही 10 हजार है। बगरू विस क्षेत्र में 13 पंचायतों का निगम में विलय किया गया। आपत्तियों के बाद भी यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो हम हाई कोर्ट में जाएंगे।

### बाड़मेर-जैसलमेर में स्कूलों का समय बदला

**बेधड़क, जयपुर।** भीषण गर्मी और हीट वेव को देखते हुए बाड़मेर और जैसलमेर जिले में सभी सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में 8वीं तक के स्टूडेंट्स का स्कूल टाइम बदला गया है। अब स्कूल सुबह 7:30 से दोपहर 11 बजे तक चलेंगे, जो पहले 1:30 बजे तक चलते थे। बाड़मेर में यह आदेश 16 मई तक लागू रहेंगे। इससे पहले ब्यावर में समय बदला गया था।

### RCDF को इस वर्ष 400 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ



**बेधड़क, जयपुर।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को शासन सचिवालय में आरसीडीएफ समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन सरस उत्पादों की मांग अधिक है, उनके उत्पादन में वृद्धि की जाए। साथ ही, उत्पादन के समय गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सरस उत्पादों के विक्रय में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्ष 2024-25 में वाइट बटर की बिक्री में 757 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, वहीं स्वीट्स में 38 फीसदी, घी में 21 फीसदी, फ्लेवर्ड मिल्क में 20 फीसदी और फ्रेश प्रोडक्ट्स की बिक्री में 18 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है।

---

**भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर 'असहमति और लोकतंत्र' विषय पर व्याख्यानमाला**

# असहमति का मतलब आलोचना नहीं, यह परंपरा: आरिफ मोहम्मद खान

**बेधड़क | जयपुर**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती के अवसर पर कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में गुरुवार को 'असहमति और लोकतंत्र' विषय पर हुई व्याख्यानमाला में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल खान ने असहमति की सदियों पुरानी भारतीय परंपरा को विस्तार और विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से वर्णित किया। उन्होंने कहा कि देश में टॉलरेंस की बात तो की जाती है, लेकिन वास्तव में बर्दाश्त करने की संस्कृति हमारी नहीं है। उन्होंने



*व्याख्यान माला में मौजूद आरिफ मोहम्मद खान, राजेंद्र राठौड़, पं. रामकिशन, गोपाल शर्मा व लोकेश कुमार साहिल।*

रामायण, गीता और उपनिषदों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनसे जीवन में बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान राम के राजतिलक से पहले राजा दशरथ के वचन के अनुसार राम को वनवास मिल गया और भरत को राजगद्दी। पिता के वचन का सम्मान करने के लिए राम तो वन चले गए, लेकिन भरत ने आदेश नहीं माना और फैसले पर असहमति व्यक्त की। असहमति का मतलब आलोचना नहीं है, प्राचीन भारत से ऐसा होता आया है। वाद-विवाद हमारी पुरानी परंपरा है। असहमति इतनी कि धर्मराज युधिष्ठिर को भीष्म पितामह से पूछना पड़ा कि धर्म की इतनी व्याख्याएं हैं, इतनी राय है। इतनी चीजों को सर्वश्रेष्ठ धर्म बताया गया है, किसको मानें। ऐसे ही भगवान राम के पिता के आदेश के सम्मान में वन जाने से भारतीय मानस उस असहमति को नहीं मानता है, जो भरत ने व्यक्त की थी। भरत ने तो असहमति व्यक्त की, उपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने तो यह प्रयास भी किया कि भाई को वापस ले आएं। राम ने मना कर दिया तो उनकी पादुकाएं ले आए, जिनको सिंहासन पर रख दिया।

### लोकतंत्र आजादी के बाद आया

खान ने कहा कि देश में लोकतंत्र आजादी के बाद आया। असहमति भी उस लोकतंत्र से जुड़ी हुई है, जो आजादी और चुनाव के साथ आया। वहीं समाजवादी विचारक पंडित रामकिशन ने कहा कि आज लोकतंत्र में असहमति का अर्थ शत्रुता हो गया। विरोध की बात करने वाले को शत्रु मान लिया जाता है, जबकि लोकतंत्र की खूबसूरती असहमति में है।

### आम आदमी की आवाज थे चंद्रशेखर

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि जब मैं राजस्थान विवि का अध्यक्ष बना, तब चंद्रशेखर कार्यालय का उद्घाटन करने आए थे। वे आम आदमी की आवाज थे। विधायक गोपाल शर्मा ने वर्ष 1982 की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पहली बार काशी स्टेशन पर चंद्रशेखर से मुलाकात हुई थी। वे कहते थे कि मैंने कभी पद और जिम्मेदारी किसी से मांगी नहीं। प्रोग्रेसिव राइटर्स क्लब एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को लोकेश कुमार सिंह साहिल ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

---

**जिम्मेदार विवादों में: कैसे सुधरेंगी अस्पतालों में व्यवस्थाएं**

# जिन पर इलाज का भार, उनका अनुचित व्यवहार... सिस्टम ठप!

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्थाएं कैसे सुधरेंगी? अब राज्य सरकार के सामने बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस और आरयूएचएस में एक साल में सामने आए दर्जनों विवादों ने जयपुर के हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम को वेंटिलेटर पर ला दिया है। अस्पतालों में जिन्हें मरीजों की इलाज और देखभाल की जिम्मेदार दी है, वे खुद ही विवादों में हैं। वहीं, अस्पतालों में प्रशासनिक जिम्मेदारी संभाल रहे चिकित्सकों और उनकी लापरवाही ने व्यवस्थाओं की पोल खोल कर दी है। एसएमएस में वर्षों से तमाम अव्यवस्थाएं जस की तस हैं। अब आरयूएचएस में भी कमोबेश यही हाल है। यही नहीं, इनसे संबद्ध अस्पतालों के भी हाल बेहाल है, जहां मरीज की सुनने वाला कोई नहीं है। हालांकि, अव्यवस्थाओं पर सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। हाल ही में अव्यवस्थाओं के चलते आरयूएचएस के कार्यवाहक अधीक्षक महेन्द्र बैनाड़ा और माइक्रोबायोलॉजी के सहायक आचार्य डॉ. जितेन्द्र पंडा को निलंबित करने का असर एसएमएस में भी दिख रहा है, वहां जिम्मेदार हरकत में आए हैं।



*अस्पतालों में अव्यवस्थाएं।* -फाइल फोटो

### अव्यवस्थाएं नई नहीं

मरीजों का अतिरिक्त दबाव, सीनियर्स डॉक्टर्स का चैंबर से गायब रहना, इलाज से लेकर दवाई और सर्जरी तक में लंबी वेटिंग, एक बार अस्पताल में पहुंचने के बाद मरीज का सप्ताह भर तक इलाज के लिए भटकना, अस्पतालों में बीपी, शुगर के साथ ही मल्टीविटामिन जैसी दवाइयां उपलब्ध नहीं होना, कूलिंग सिस्टम ठीक से काम नहीं करना, भर्ती मरीजों को बेड पर ही दवा व जांच की सुविधा के आदेश के बाद भी चक्कर लगवाना और परिजनों का कतार में लगना आदि समस्याएं वर्षों से बनी हुई हैं।

### मेडिकल के हालात शर्मसार करने वाले: गहलोत

चिकित्सा सेवा में अव्यवस्थाओं को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सरकार पर निशाना साधा है। गहलोत ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हमारी कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान देश का सबसे बेहतरीन हेल्थ मॉडल स्टेट बन गया था। अब मेडिकल से संबंधित रोज आने वाली खबरें राजस्थानियों को शर्मसार करने वाली हैं। सरकारी अस्पतालों में न दवाएं हैं, न इलाज हो रहा है। कई सरकारी अस्पतालों में गर्मी से निपटने के लिए कूलर, एसी तक नहीं हैं। चिकित्सा विभाग से जुड़ी तमाम योजनाओं को भी फ्लैगशिप स्कीमों की सूची से बाहर कर दिया गया है।

### सर्वाधिक चर्चा में रहे विवाद

- **फर्जी एनओसी:** एसएमएस अस्पताल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी एनओसी देने के मामले में तत्कालीन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, एसएमएस अधीक्षक डॉ.अचल शर्मा, आरयूएचएस वीसी डॉ. सुधीर भंडारी सहित कमेटी के लोगों को हटाकर डॉ. दीपक माहेश्वरी को प्राचार्य और डॉ. सुशील भाटी को अधीक्षक लगाया। उनकी नियुक्ति पर भी कई सवाल उठे।
- **फर्जी रजिस्ट्रेशन:** आरएमसी में फर्जी डॉक्टरों के रजिस्ट्रेशन का विवाद सामने आने पर तत्कालीन रजिस्ट्रार को हटाया गया और डॉ. गिरधर गोयल को नियुक्त किया गया, जिनका खुद का सात वर्ष तक रजिस्ट्रेशन नहीं रहा।
- **RUHS विवाद:** आरयूएचएस में डॉ. सुधीर भंडारी की जगह डॉ. धनंजय अग्रवाल को कार्यवाहक वीसी लगाया गया। इस पर भी खासा विवाद हुआ। वहीं, स्थाई कुलपति प्रो. प्रमोद येवले की नियुक्ति पर भी डॉक्टरों ने नाराजगी जताई।
- **जिनको दी जिम्मेदारी, वे दे चुके इस्तीफा:** अब आरयूएचएस अस्पताल के अधीक्षक पद का कार्यभार जयपुरिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ महेश मंगल को दिया है, लेकिन उन्होंने भी पद छोड़ने के लिए विभाग को इस्तीफा दे रखा है। डॉ. मंडल पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे हैं।
- **विचारधारा की लड़ाई:** एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अटैच आठ अस्पतालों में अधीक्षक का इंतजार लंबा हो गया। अधीक्षक की नियुक्ति को लेकर एक बार इंटरव्यू रद्द कर दोबारा आवेदन लिए, लेकिन अभी भी नियुक्ति नहीं हुई। माना जा रहा है कि जिस विशेष विचारधारा के डॉक्टर्स को नियुक्ति देनी है, वह नहीं मिल रहा, अतः अस्पताल कार्यवाहकों के भरोसे है।
- **तबादलों पर विवाद:** चिकित्सा विभाग में किए गए तबादलों को लेकर भी कई विवाद सामने आए, जिनको लेकर कई भाजपा विधायकों ने भी आपत्ति जताई। अनुचित तरीके से तबादले करने का आरोप लगाया गया था।

---

**डिप्टी सीएम ने ली पीडब्ल्यूडी की बैठक**

## मंदिरों-अन्य भवनों की मरम्मत में मूल स्वरूप को रखा जाए बरकरार



*क्रेडाई राजस्थान प्रॉपर्टी एक्सपो में डिप्टी सीएम दीया कुमारी व अन्य।*

**बेधड़क | जयपुर**

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग की बिल्डिंग और स्पेशल स्कीम खंड के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने व मेंटेनेंस की प्रभावी योजना तैयार करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने ग्रीन बिल्डिंग की अवधारणा को बढ़ावा देने के साथ भवन निर्माण में सौर ऊर्जा के उपयोग और जल संरक्षण के उपायों को प्राथमिकता देने के दिशा-निर्देश दिए। दीया ने कहा कि मंदिर और अन्य स्थल वर्षों पहले स्थानीय सामग्री और स्थानीय शिल्प कला का उपयोग करके बनवाए गए हैं। इनकी मरम्मत के दौरान उसी सामग्री एवं शिल्प कला का ध्यान रखा जाए। उपमुख्यमंत्री ने डाक बंगलों के अपग्रेडेशन और उनके रखरखाव के लिए योजना बनाने को कहा। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसीएस प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव डीआर मेघवाल सहित विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्रेडाई राजस्थान प्रॉपर्टी एक्सपो में भाग लिया

दीया कुमारी ने जयपुर में रियल एस्टेट क्षेत्र में नवीनतम ट्रेंड्स व निवेश के अवसरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आरआईसी में आयोजित क्रेडाई राजस्थान प्रॉपर्टी एक्सपो 2025 में शिरकत की। कार्यक्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी, विधायक बालमुकुंदाचार्य, समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता, सचिव रविन्द्र प्रताप सिंह, एक्सपो संयोजक गिरिराज अग्रवाल, संयुक्त सचिव रचित अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

## चंबल नदी पर बनेगा 2.3 किमी लम्बा एक्वाडक्ट

**बेधड़क | जयपुर**

संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के प्रथम चरण के तहत 9,400 करोड़ रुपए के कार्यादेश दिए जाकर योजना की क्रियान्विति शुरू हो गई है। इसके प्रथम चरण के पैकेज-2 में चंबल नदी को पार करने के लिए 2330 करोड़ रुपए लागत से 2.3 किमी लम्बा एक्वाडक्ट बनेगा। यह एक छोर में पीपलदा समेल गांव और दूसरे छोर में गोहाटा गांव से जुड़ेगा।

एक्वाडक्ट के माध्यम से कालीसिंध से पानी लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। साथ



ही, नवनेरा बैराज से मेज एनीकट तक फीडर निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। इसके लिए आवश्यक 328 हैक्टेयर भूमि अवाप्ति का अवार्ड शीघ्र जारी कर प्रभावितों को जल्द नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। एक्वाडक्ट निर्माण में वन्यजीव सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

---

**राजभवन में जनजातीय कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक**

## आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा व कौशल विकास की निगरानी जरूरी: राज्यपाल

**बेधड़क, जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को राजभवन में अनुसूचित क्षेत्रों की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने इन क्षेत्रों में शिक्षा, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनजातीय क्षेत्रों के पारंपरिक पशुपालन व्यवसाय, दुग्ध उत्पादन, हस्तशिल्प, कारीगरी व्यवसायों की प्रभावी



*राजभवन में बैठक लेते राज्यपाल बागडे।*

मार्केटिंग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने 9 जनजातीय जिलों के कलेक्टर्स से घुमंतू और भीख मांगने वाले समुदायों से संवाद कर उनके बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने आश्रम छात्रावासों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने, वहां निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और औचक निरीक्षण कर समग्र विकास सुनिश्चित करने को कहा।

---

**बेधड़क TOON**




-शेखर

---

**ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस का विरोध जारी**

## भाजपा कर रही कांग्रेस के खिलाफ षड्यंत्र : जूली



*अलवर जिला कांग्रेस के धरने में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली।*

**बेधड़क | जयपुर**

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट पेश करने के विरोध में कांग्रेस के धरने प्रदर्शन जारी हैं। गुरुवार को प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इसमें कांग्रेस के तमाम जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। अलवर में दिए गए धरने पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है। शुक्रवार को प्रदेश में 400 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

---

**नए आपराधिक कानून व क्रिप्टो करेंसी पर मंथन**

# क्रिप्टो करेंसी में दुनिया का 5 फीसदी पैसा निवेश: बोरासे

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में अंतिम दिन गुरुवार को आरपीए सभागार में नए आपराधिक कानून व क्रिप्टो करेंसी अनुसंधान पर सेमिनार आयोजित हुई।

इसमें कनार्टक पुलिस के डीआईजी भूषण गुलाबराव बोरासे व नेशनल पुलिस एकेडमी हैदराबाद के सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर नीतिन शर्मा ने संबोधित कर क्रिप्टो करेंसी की बारीकियों से रू-ब-रू कराते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी। डीआईजी भूषण ने कहा कि मोनेरो, डेश और जेड



*डीआईजी बोरासे को मोमेंटो देते डीजीपी साहू, साथ हैं डीजी हेमंत प्रियदर्शी।*

कैश जैसी क्रिप्टो करेंसी चोरों के लिए बनाई गई है। आज क्रिप्टो करेंसी ने एक बड़ा दायरा तय किया है। दुनिया का पांच फीसदी पैसा क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट हो चुका है। भले ही लोग इसे चाहें या नहीं, भले ही हम इससे कितनी भी नफरत करें, लेकिन इसे नकारा नहीं जा सकता है। भूषण ने कहा कि यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडिसी) ने पिछले साल दो वॉल्यूम पब्लिश किए हैं। इनमें साफ तौर पर कहा है कि क्रिप्टो करेंसी में एथर और ट्रोन जांच एजेंसियों के लिए सबसे खतरनाक है। ड्रग सिंडिकेट और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े आपराधिक गिरोह इन क्रिप्टो करेंसी का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं।

### नए कानूनों को लेकर दी जानकारियां

सेमिनार के पहले सत्र में डीजीपी यूआर साहू, डीजी इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल, डीजी एसीबी रवि प्रकाश मेहरड़ा, एडीजी अशोक राठौड़ और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीरज तिवारी ने नए कानूनों को लेकर जानकारियां दी। वक्ताओं ने नए आपराधिक कानूनों के व्यापक स्तर पर लागू करने के बाद वर्तमान में आ रही विभिन्न चुनौतियों और इनके कार्यान्वयन से हो रही सुविधाओं पर गहन विचार-विमर्श कर जानकारियां दी।

### उम्मीद है आने वाले दिनों में CBDC स्थिर हो जाए: प्रफुल्ल

सेमिनार में आईजी प्रफुल्ल कुमार ने कहा कि आरबीआई कहती है कि 50 हजार रुपए तक का ट्रांजेक्शन ट्रैक नहीं होगा। उम्मीद है आने वाले दिनों में देश में सीबीडीसी स्थिर हो जाए। फिलहाल यह पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चल रहा है। अगर 80 फीसदी भारतीय सीबीडीसी का इस्तेमाल करते हैं, तो नकली करेंसी की समस्या खत्म हो जाएगी। साथ ही, करेंसी छापने का हर साल का 3-4 हजार करोड़ का खर्च बच जाएगा।

**जरूरी खबर**

## मेट्रो को आवंटित जमीन अब कार्मिक विभाग को दी



**बेधड़क, जयपुर।** जेडीए ने जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की जमीन अब कार्मिक विभाग को आवंटित कर दी है। इस संबंध में गुरुवार को जेडीसी आनंदी की अध्यक्षता में आयोजित भूमि एवं संपत्ति निस्तारण समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जेडीसी ने बताया कि बैठक में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को पूर्व में निःशुल्क आवंटित 19,505 वर्गमीटर में से 19,205 वर्गमीटर भूमि राजकीय कार्यालय के उपयोग के लिए कार्मिक विभाग को निःशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

## भगवान की मूर्तियां तोड़ने वाला युवक गिरफ्तार



**बेधड़क, जयपुर।** लालकोठी सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर की मूर्तियां तोड़ने वाले युवक को बजाज नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजेश राव मूलतः जटवाड़ा, सवाई माधोपुर का रहने वाला है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीमों ने छह दिन तक घटनास्थल के आस-पास लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पहचान होने के बाद जैसे ही आरोपी गुरुवार को जयपुर आया, पुलिस ने उसे धरदबोचा।

## अवैध कॉलोनी पर चला जेडीए का बुलडोजर



**बेधड़क. जयपुर।** जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने 35 बीघा कृषि भूमि पर विकसित की गई दो अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया और अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इसके साथ ही हिंगोनिया गोशाला के पास चार बीघा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जोन-13 में सावरिया रोड और कानोता में ढूंढ नदी के पास की गई। यहां जेडीए की बिना स्वीकृति के अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही थीं। इसके साथ ही जोन-8 में नारायण विहार के पास वास्तु नगर में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बनाए जा रहे टिनशेडनुमा वेयरहाउस को सील किया गया। अवैध निर्माण पर निर्माणकर्ता को नोटिस जारी कर पाबंद किया गया था।

### 'फर्स्ट इंडिया न्यूज' और 'सच बेधड़क' की खबर पर तुरंत लिया संज्ञान

# महल-जगतपुरा रोड के अतिक्रमणों को लेकर जेडीए गंभीर

- आईजी कैलाश विश्नोई ने अफसरों के साथ किया मौके का निरीक्षण
- सड़क सीमा में आ रहे निर्माणों का डिमार्केशन कर लगाए गए पीले निशान

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी जयपुर के महल रोड पर चल रहे अवैध निर्माणों को लेकर गुरुवार को 'फर्स्ट इंडिया न्यूज' और 'सच बेधड़क' में प्रकाशित खबर पर जेडीए के आईजी कैलाश विश्नोई ने तुरंत संज्ञान लिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी विश्नोई, जोन उपायुक्त और जेडीए के अन्य अधिकारियों के साथ स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने अपनी उपस्थिति में सड़क सीमा में आ रहे निर्माणों का सीमांकन (डिमार्केशन) कराया। इसके बाद वहां गार्डों की तैनाती की गई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का अवैध निर्माण न हो सके।



अपेक्स सर्किल से आगे सर्विस रोड पर अवैध निर्माण की बाढ़
महल रोड पर जीरो सेटबैक में निर्माण... JDA ने मूंदी आंखें

सच बेधड़क
17 अप्रैल के अंक में प्रकाशित खबर

गौरतलब है कि मालवीय नगर स्थित महल रोड पर अपेक्स सर्किल से आगे लगभग 500 मीटर क्षेत्र में दिन-रात अवैध रूप से व्यावसायिक इमारतें बनाई जा रही हैं। इस क्षेत्र में बिना किसी स्वीकृति के दो से तीन मंजिला इमारतें जीरो सेटबैक में खड़ी की जा रही हैं, बेसमेंट तक खुदाई की जा रही है और कुछ रेस्टोरेंट संचालक फुटपाथ तक पर कब्जा कर चुके हैं। इसके अलावा वन विभाग की दीवार से सटाकर भी अवैध दुकानों का निर्माण किया जा रहा है।

महल रोड का यह हिस्सा राजधानी की व्यस्ततम सड़कों में शामिल है। जेडीए की टीम ने महल रोड पर सड़क सीमा में आ रहे निर्माणों को चिह्नित कर डिमार्केशन कराया और उन पर पीले निशान लगाए। यहां 20 से अधिक दुकानों ने फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है। जल्द ही जेडीए की ओर से इन पर कार्रवाई की जाएगी।

**खबर का असर**





*जयपुर। अतिक्रमण और अवैध निर्माण की मौके पर नाप जोख करती जेडीए की टीम। -फोटो: सुनील शर्मा*

### आनंदी और विश्नोई का सख्त रुख

जेडीए आयुक्त आनंदी और आईजी कैलाश विश्नोई अतिक्रमणों और अवैध निर्माणों को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाए हुए हैं। हाल ही में सिरसी रोड को चौड़ा करने के लिए सड़क सीमा के लगभग 200 अतिक्रमणों को दृढ़ता के साथ हटाया गया था। इसकी चर्चा चारों ओर है।

### 160 फीट चौड़ाई के अनुसार किया गया सीमांकन

जेडीए टीम ने महल रोड पर डी मार्ट से आगे जगतपुरा रेलवे ओवरब्रिज तक सड़क की 160 फीट चौड़ाई के अनुसार सीमांकन किया है। यह डिमार्केशन जेडीए के जोन और अधिशासी अभियंता की विंग द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि पहले भी सड़क निर्माण के दौरान इस क्षेत्र की दुकानों को हटाया गया था। गत वर्ष नवंबर में यहां सर्विस रोड का निर्माण किया गया था, जिसमें भी कुछ दुकानों को हटाया गया था।

### प्रदेश में हीट वेव के मुद्दे पर हाई कोर्ट का स्वप्रेरित प्रसंज्ञान

# 'स्वयं को सर्वोच्च न्यायालय से भी ऊपर मानते हैं अधिकारी'

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाई कोर्ट ने प्रदेश में हीट वेव और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय, भारतीय मौसम विभाग, भारतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य सरकार के मुख्य सचिव (सीएस), अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह, एसीएस वित्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि वे हीट एक्शन प्लान और स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारी को सुदृढ़ करने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय समिति का गठन करें।

यह आदेश जस्टिस अनूप कुमार ढांड द्वारा दिया गया। हाई कोर्ट ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि इस अदालत ने पिछले साल भीषण गर्मी से आमजन को राहत देने के लिए अंतरिम निर्देश जारी किए थे। मई 2024 में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश दिए गए थे, परंतु 10 महीने बीत जाने के बाद भी इनका पालन नहीं किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य के अधिकारी स्वयं को सर्वोच्च न्यायालय से भी ऊपर मानते हैं। वर्तमान में प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर प्रारंभ हो गया है और तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। चूरू जिले में तो तापमान ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार ने कोई हीट एक्शन प्लान तैयार नहीं किया है, ना ही सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया है। इसके अलावा न तो छाया स्थल विकसित किए गए हैं और ना ही लू से बचाव के लिए ओआरएस पैकेट या आम का पना वितरित किया गया है।



### दोपहर में श्रमिकों को आराम देने का सुझाव

हाई कोर्ट ने पूर्व में दिए गए निर्देशों को दोहराते हुए कहा कि हीट वेव रोगियों के उपचार के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। खुले में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए दोपहर 12 से 3 बजे तक विश्राम की अनुमति देने के लिए परामर्श जारी किया जाए। हाई कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से पूछा कि क्यों न प्रत्येक जिले में सड़क के दोनों ओर पौधरोपण और हरित सार्वजनिक स्थल विकसित किए जाएं। साथ ही 'हीट एवं कोल्ड वेव से होने वाली मौतों की रोकथाम विधेयक, 2015' को अधिनियम के रूप में तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। अदालत ने यह भी कहा कि हीट वेव से जान गंवाने वालों के आश्रितों को उचित मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। केंद्र और राज्य सरकार सहित सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आगामी सुनवाई पर 24 अप्रैल को इस संबंध में उठाए गए कदमों की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करें।

### प्रदेशवासियों के साथ नहीं किया जा सकता पशुवत व्यवहार

हाई कोर्ट ने कहा कि प्रदेशवासियों के साथ पशुवत व्यवहार नहीं किया जा सकता और अदालत आंख मूंदकर नहीं बैठ सकती। राजस्थान का तापमान लगातार बढ़ रहा है और आगामी ग्रीष्मकाल में जनस्वास्थ्य, लू व हीट स्ट्रोक एक बड़ी चुनौती होंगे। ऐसे में राज्य सरकार को सभी स्तरों पर तत्काल प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार यह बहाना नहीं बना सकती कि आदेशों की पालना के लिए धन नहीं है, विशेषकर जब सरकार प्रचार पर लाखों रुपए खर्च कर रही है और विभिन्न पुरस्कार समारोह आयोजित कर रही है। इस समय प्राथमिकता मानव जीवन की रक्षा होनी चाहिए। करदाताओं के पैसे का उपयोग जनता के हित में किया जाना चाहिए।

### बाड़मेर में सर्वाधिक तापमान 45 डिग्री

प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी है। गुरुवार को अधिकांश जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। सर्वाधिक तापमान बाड़मेर में 45 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 6.4 डिग्री अधिक) दर्ज किया गया। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के कारण गुरुवार दोपहर बाद कई स्थानों पर तेज आंधी और हल्की वर्षा हुई। जयपुर में दिन का तापमान 42.2 डिग्री रहा, लेकिन शाम 4 बजे के बाद बादल छाने से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने आगामी दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी किया है। पहले सप्ताह में राज्य के कुछ भागों में हीटवेव व तीव्र हीटवेव की संभावना है। 18 से 20 अप्रैल के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट और 20 अप्रैल से गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। दूसरे सप्ताह में तापमान सामान्य से 1 से 2 डिग्री अधिक रह सकता है। न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बने रहने की संभावना है।





जयपुर @ पंकज शर्मा

### प्लॉट का बाजार मूल्य ढाई करोड़ से ज्यादा

# पेपर लीक मास्टर माइंड के प्लॉट पर ईडी ने किया कब्जा



**बेधड़क | जयपुर**

द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले की धनशोधन निवारण कानून-पीएमएलए में हो रही प्रवर्तन निदेशालय की जयपुर इकाई की कार्रवाई अब और गति पकड़ रही है।

ईडी की जयपुर इकाई के डिप्टी डायरेक्टर प्रवीण कुमार झा के हस्ताक्षर से निदेशालय के अधिकारियों ने गुरुवार को इस मामले के कथित मास्टर माइंड अनिल मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा की महिला मित्र अनिता कुमारी मीणा के आमेर स्थित एक प्लॉट पर कब्जा लिया है। करीब एक करोड़ रुपए के पंजीकृत मूल्य के 325.15 वर्ग मीटर आकार के इस प्लॉट को लेकर प्रवर्तन निदेशालय का मानना है कि इस प्लॉट की खरीद पेपर लीक मामले से हुई आरोपियों की आय से हुई है। ईडी ने इस प्लॉट को पेपर लीक से हुई काली कमाई का हिस्सा मानते हुए 12 सितंबर 2024 को अंतरिम रूप से अटैच किया था। बाद में इस अटैचमेंट को लेकर पीएमएलए कानून में दिल्ली में संबंधित न्यायालय में हुई सुनवाई और अटैचमेंट को उचित मानने के निर्णय के आधार पर गुरुवार को प्लॉट पर प्रवर्तन निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर प्रवीण कुमार झा के हस्ताक्षर से कब्जे की सूचना को चस्पा कर दिया गया। बताया जाता है कि आमेर तहसील के ग्राम माछेड़ा में स्थित इस प्लॉट का बाजार मूल्य करीब दो करोड़ 50 लाख रुपए से भी अधिक है।

### नई योजनाओं की समीक्षा बैठक

# आवासन मंडल की नई योजनाएं जल्द होंगी लॉन्च



**बेधड़क, जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान आवासन मंडल प्रदेशवासियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहा है। राज्य बजट 2025-26 में घोषित आवासीय योजनाओं को अमल में लाने के उद्देश्य से गुरुवार को आवास भवन में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने की, जिसमें विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। आवासन आयुक्त डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें और निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। उन्होंने बताया कि अप्रैल और मई में जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, कोटा और हनुमानगढ़ में विभिन्न आय वर्गों के लिए नई आवासीय योजनाएं लॉन्च की जाएंगी। इन योजनाओं में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, मध्यम और उच्च आय वर्ग के लिए फ्लैट्स एवं स्वतंत्र आवास दोनों विकल्प उपलब्ध होंगे। बैठक में मानसून से पहले जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान, संपत्तियों के चिन्हितीकरण और भूमि अधिग्रहण प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि मंडल की संपत्तियों पर बोर्ड लगाए जाएं और अवैध कब्जों की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हो। इसके अतिरिक्त अटरू, गजनपुरा, नैनवा, लाखेरी, धौलपुर, जैसलमेर और नीमराना के निकट शाहजहांपुर में भी आवासन मंडल द्वारा नई योजनाओं की तैयारी की जा रही है। साथ ही प्रतापनगर सेक्टर 26 और मानसरोवर सेक्टर 5 में विभिन्न आय वर्गों के लिए दो नई आवासीय योजनाएं प्रस्तावित हैं।

### विद्याधर नगर स्थित आरटीओ द्वितीय कार्यालय

# बिल नहीं चुकाने पर RTO ऑफिस की काटी बिजली

**बेधड़क | जयपुर**

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत प्रदेश में तीन नए परिवहन कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। वहीं दूसरी ओर, विद्याधर नगर स्थित जयपुर आरटीओ द्वितीय कार्यालय का बिजली बिल बकाया होने के चलते बिजली कनेक्शन काट दिया गया।

जयपुर डिस्कॉम ने समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर यह कार्रवाई की। इससे कार्यालय का कामकाज लगभग तीन घंटे तक ठप रहा। गर्मी के कारण कर्मचारियों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, 15 दिन पहले जयपुर डिस्कॉम ने आरटीओ द्वितीय कार्यालय को बकाया राशि जमा कराने के लिए नोटिस भेजा था। आरटीओ कार्यालय में तय लोड से अधिक बिजली की खपत की जा रही थी, जिसको लेकर पूर्व में भी बिजली विभाग ने नोटिस जारी किया था। इसके बावजूद विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन, गुरुवार को डिस्कॉम ने बिजली कनेक्शन काट दिया। हालांकि विभाग ने आनन-फानन में जनरेटर के माध्यम से बिजली व्यवस्था बहाल करने की कोशिश की, लेकिन जनरेटर की मरम्मत न होने के कारण वह भी चालू नहीं हो सका।




### नगर निगम की लापरवाही

परिवहन निरीक्षक राजेश चौधरी ने बताया कि कार्यालय की बिजली कटने के पीछे नगर निगम की लापरवाही है। आरटीओ ने यह कार्यालय किराए पर लिया हुआ है और पानी, बिजली तथा अन्य रखरखाव की जिम्मेदारी नगर निगम की है। आरटीओ कार्यालय हर माह निगम को किराया देता है। 15 दिन पहले कार्यालय को बिजली बिल बकाया होने का नोटिस मिला था। इसके बाद नगर निगम से संपर्क किया गया, लेकिन पूरी प्रक्रिया में समय लग गया। ऐसे में बिजली विभाग ने बिना कोई अंतिम नोटिस जारी किए कनेक्शन काट दिया। बिजली गुल होते ही कार्यालय में जनरेटर चालू करने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी मेंटेनेंस न होने से वह भी चालू नहीं हो सका।

### प्रदेश में खुलेंगे 3 नए परिवहन कार्यालय

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग प्रदेश के तीन नवगठित जिलों में नए जिला परिवहन कार्यालय खोलेगा। ये कार्यालय अनूपगढ़ (श्रीगंगानगर), डीग (भरतपुर) और खैरथल-तिजारा में स्थापित किए जाएंगे। जिला परिवहन कार्यालय अनूपगढ़ जिला परिवहन कार्यालय का पंजीयन कोड RJ62 होगा, जबकि डीग का पंजीयन कोड RJ63 और खैरथल-तिजारा का कोड RJ64 निर्धारित किया गया है।

### बाल वाहिनियों के विरुद्ध विशेष अभियान आज से

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरटीओ प्रथम शुक्रवार से बिना परमिट के चल रही बाल वाहिनियों के विरुद्ध विशेष अभियान शुरू करेगा। वर्तमान में कई वाहन ऐसे हैं जो बिना वैध परमिट के बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने का कार्य कर रहे हैं, जबकि आरटीओ प्रथम ने इनके पंजीकरण के लिए विशेष कैंप भी लगाए थे। इसके बावजूद अधिकतर वाहन मालिकों ने परमिट नहीं लिया। अब बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे वाहनों को सीज किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### ट्रेलर ने मारी ट्रैक्टर को टक्कर, किसान की मौत



**सीकर**। शहर के सदर थाना इलाके में सीकर-सालासर हाईवे पर ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रेलर ने दूसरी साइड चल रहे ट्रैक्टर को चपेट में ले लिया। पुलिस ने बताया कि चूरू के नौरंगसर गांव निवासी भंवर सिंह अपना ट्रैक्टर लेकर सीकर मंडी आया था। लौटते वक्त सालासर मार्ग पर सिहोट छोटी से थोड़ा आगे ट्रेलर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इससे भंवर सिंह गंभीर घायल हो गया। एसके हॉस्पिटल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अजमेर में 28 किलो डोडा जब्त, दो जने गिरफ्तार



**अजमेर**। यहां रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने गुरुवार को अवैध डोडा-चूरा सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 28.240 किलो डोडा चूरा जब्त किया है। आरोपी मंदसौर से यह मादक पदार्थ खरीद कर लाए थे। जीआरपी सीओ रामावतार ने बताया कि दोनों युवकों के पास दो बैग मिले थे, जिन्हें चेक करने पर अवैध 28.240 किलो डोडा-चूरा बरामद हुआ। इस पर मध्यप्रदेश के जिला मंदसौर निवासी गोविंद (19) पुत्र तेजगीर व गोविंद राव (22) पुत्र देवीलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कल से शेखावाटी दौरे पर



**सीकर**। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 19 से 21 अप्रैल तक शेखावाटी के दौरे पर रहेंगे। सीकर जिला प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शनिवार और सोमवार को सीकर जिले के दौरे पर रहेंगे। वहीं, रविवार को झुंझुनूं दौरे पर रहेंगे। सीएम शर्मा सोमवार को झुंझुनूं, चूरू और सीकर जिले के प्रेमपुरा (डांसरोली) में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री शर्मा का तीनों जिलों के विधानसभा क्षेत्रवार कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत होगा। वहीं, वे अधिकारियों की बैठक लेंगे व विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

**अजमेर दरगाह विवाद पहुंचा हाई कोर्ट: खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान ने दायर की याचिका**

# रिट में किया निचली अदालत में पेश दावे पर सुनवाई रोकने का आग्रह

### केंद्र सरकार ने कहा- कमेटी पक्षकार नहीं, इसलिए नहीं कर सकती याचिका दायर

**बेधड़क** | जयपुर

अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे को लेकर अजमेर की निचली अदालत में पेश दावे पर सुनवाई रोकने के लिए खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान की ओर से राजस्थान हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। सुनवाई के दौरान गुरुवार को केंद्र सरकार की ओर से एएसजी आरडी रस्तोगी ने अंजुमन कमेटी की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि कमेटी वाद में पार्टी नहीं है। ऐसे में वह हाईकोर्ट में याचिका दायर नहीं कर सकती है। इस याचिका पर गुरुवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जस्टिस विनोद कुमार भारवानी ने एक सप्ताह के लिए सुनवाई टाल दी है।

याचिकाकर्ता अंजुमन कमेटी की ओर से अधिवक्ता वागीश कुमार और आशीष कुमार सिंह ने बताया कि अजमेर की निचली अदालत में अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने का दावा करते हुए वाद दायर किया गया है। वहीं, दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को चुनौती देने वाली अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका में गत नवंबर माह में सभी अदालतों को आदेश दिए थे कि ऐसे किसी भी मामले में आदेश या कार्रवाई जारी नहीं रखी जाएगी, जिसमें पूजा स्थल या पुरातत्व विभाग से जांच कराने का मुद्दा जुड़ा हो। याचिकाकर्ता की ओर से इस आदेश की जानकारी गत दिसंबर माह में ही संबंधित अदालत को दी गई, लेकिन अदालत ने कार्रवाई नहीं रोकी। इसके बाद पुनः जनवरी माह में याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से निचली अदालत को अवगत कराया। इसके बावजूद निचली अदालत मामले में कार्रवाई जारी रख रही है।



दरगाह व इनसेट में दावाकर्ता (ऊपर) याचिकाकर्ता (नीचे)

### सिविल कोर्ट को सुनवाई का अधिकार नहीं!

याचिका में यह भी कहा गया कि पूजा करने के अधिकार के मुद्दे पर सिविल कोर्ट को सुनवाई का अधिकार नहीं है। वहीं, दावाकर्ता ने बहुत कम कोर्ट फीस के साथ दावा किया है, इसलिए निचली अदालत को मामले की सुनवाई करने से रोका जाए।

### क्या है अजमेर दरगाह विवाद

बता दें, 25 सितंबर 2024 को हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अजमेर की सिविल कोर्ट में एक याचिका दायर की थी कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह के अंदर एक शिव मंदिर है। गुप्ता ने अजमेर शरीफ दरगाह पर 2 साल की रिसर्च और एक किताब 'अजमेर: हिस्टॉरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव' का हवाला दिया। इसमें बताया गया कि दरगाह के नीचे शिव मंदिर मौजूद है। 27 नवंबर 2024 को याचिकाकर्ता के वकील योगेश सिरोजा ने सिविल जज मनमोहन चंदेल की बेंच के सामने तथ्य रखे। कोर्ट ने याचिका को मंजूर कर लिया।

**रोड एक्सीडेंट: प्रदेश में दो जगह वाहनों की तेज गति बनी जानलेवा**

# मांडलगढ़ में जिंदा जला ड्राइवर कोटा में दो दोस्तों की मौत

- कार में सवार दंपती सहित दो बच्चे घायल, अस्पताल में भर्ती
- दूसरे सड़क हादसे में एयरबैग खुलने के बाद भी छिनी जिंदगी

### ■ कार से टकरा वैन गिरी खाई में, गैस किट में लगी आग

**बेधड़क** | भीलवाड़ा/कोटा

प्रदेश के दो स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक ड्राइवर जिंदा जल गया और पेड़ से टकराई कार के एयरबैग खुलने के बावजूद उसमें सवार दो दोस्तों की मौत हो गई।

भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 27 पर गुरुवार को फूलजी खेड़ी गांव के पास एक मोड़ पर कार और वैन की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन उछलकर 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी। मांडलगढ़ थाना प्रभारी आईपीएस प्रोबेशनर जतिन जैन ने बताया कि वैन में गैस किट लगी हुई थी। इस कारण जैसे ही वैन धमाके के साथ खाई में गिरी, उसमें आग लगने से ड्राइवर जिंदा जल गया। वहीं, कार में सवार दंपती सहित दो बच्चे भी घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मांडलगढ़ सीएचसी में भर्ती करवाया। उनका उपचार जारी है। जैन ने बताया कि वैन चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रही थी। वहीं, कार मैनाल की तरफ से आ रही थी।



मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में कार से टक्कर के बाद खाई में गिरकर जली वैन। इनसेट में जिंदा जला वैन चालक।

### 15 फीट गहरी खाई में गिरकर जल गई वैन

जैन ने बताया कि दोनों वाहनों की भिड़ंत के बाद वैन पुलिया से उछलकर 15 फीट नीचे खाई में जा गिरी और धमाके से उसमें आग लग गई। मांडलगढ़ निवासी 35 वर्षीय वैन चालक राजकुमार ब्रह्मभट्ट वैन में जिंदा जल गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मांडलगढ़ पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से चालक के शव को वैन से कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई

कोटा के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वे कार में चंद्रसेल की तरफ से मानपुर जा रहे थे। काला तालाब के पास कार नहर के किनारे अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। मौके पर पहुंचे बोरखेड़ा थाने के सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार का कहना है कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से चपटी हो गई। कार के एयरबैग भी खुल गए थे, लेकिन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पुलिस को रात करीब 11:30 बजे मिली। इसके बाद मौके पर



पहुंची पुलिस टीम ने दोनों युवकों को कार से बाहर निकाला और एमबीएस अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है। बोरखेड़ा थाना अधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि मृतकों की पहचान रेलवे कॉलोनी थाना इलाके की पूनम कॉलोनी के गौरव खींची और दुर्गा नगर निवासी राहुल मीणा के रूप में हुई है।

### परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

मृतक गौरव और राहुल के परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया, जिसके बाद थानाधिकारी देवेश भारद्वाज भी मोर्चरी पर पहुंचे। उन्होंने समझाइश की, लेकिन परिजन नहीं माने। ऐसे में बिना पोस्टमार्टम के ही बॉडी परिजनों को सुपुर्द कर दी गई। परिजनों का कहना है कि राहुल ही गौरव को घर पर लेने आया था, जिसके बाद ही दोनों बाहर कहीं खाना खाने के लिए निकले थे। उनका कहना है कि गौरव कनाडा में काम करने के लिए गया था और हाल ही में वापस आया था, जबकि राहुल अपने घर के नजदीक ही लाइब्रेरी चलाता था।

**आरोपी पति और प्रेमिका गिरफ्तार**

# प्रेमिका से शादी में रोड़ा बन रही पत्नी की हत्या



आरोपी शिवलाल और रेखा पुलिस गिरफ्त में।

**बेधड़क** | अजमेर

पुलिस ने गुरुवार को जिले के मांगलियावास थाना क्षेत्र के डोडियाना गांव में बीते सोमवार की रात हुई गर्भवती महिला की हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। महिला की हत्या में आरोपी भजन गायक पति और प्रेमिका शामिल थे। दोनों शादी करना चाहते थे, पत्नी इसमें रोड़ा बन रही थी। आरोपी ने हत्या के बाद ससुराल वालों व पुलिस को गुमराह करने के लिए कभी हार्टअटैक होने, तो कभी सुसाइड करने की बात कही। सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने प्रेमिका के साथ वारदात करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपी भजन गायक शिव लाल (33) और उसकी प्रेमिका रेखा को गिरफ्तार कर लिया है।

मांगलियावास थाने के प्रभारी रामस्वरूप ने बताया कि डोडियाना निवासी शोभादेवी (24) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसके मुंह से खून निकल रहा था और जीभ बाहर निकली हुई थी, गले पर भी निशान थे। मृतका के पिता अमराराम ने हत्या का शक जाहिर करते हुए रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया कि शक के आधार पर आरोपी शिवलाल व रेखा से सख्ती से पूछताछ की तो सच तुरंत सामने आ गया।

### पांच साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

पुलिस के अनुसार शिवलाल की 5 साल पहले डोडियाना के माताजी के मंदिर में रेखा से मुलाकात हुई थी। दोनों में मोबाइल पर बात होने लगी और प्रेम प्रसंग चल रहा था। रेखा ने शिव लाल के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था। वह भी राजी था, लेकिन भजन गायक की पत्नी रोड़ा बनी हुई थी। ऐसे में दोनों ने उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। आरोपी शिव लाल 13 अप्रैल को अपने घर वालों को भजन संध्या में जाने की बात कहकर निकल गया। रात एक बजे के करीब लौटा व छत पर सो रही शोभा को जगा बात करते-करते गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

**गाड़ी पार्किंग को लेकर हुई थी कहासुनी**

# हत्या के मामले में चार आरोपी पकड़े

**कोटा**। शहर के थाना महावीर नगर इलाके में अहिंसा सर्किल के पास गाड़ी पार्किंग को लेकर हुई कहासुनी के बाद चाकू मारकर मैकेनिक की हत्या करने के मामले में 6 दिन बाद पुलिस ने चारों आरोपियों राहुल हाडा, आर्यन हाडा, कृष्णा राठौड़ व मोहित जैन को गिरफ्तार कर लिया है। चारों आरोपियों को बापर्दा रखा गया है।

कोटा शहर एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि आरोपियों ने कुछ दिन पहले मैकेनिक सुरेन्द्र सिंह जाटव की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी थी और वर्कशॉप मालिक इश्तियाक अहमद को घायल कर दिया था। मृतक सुरेंद्र की पत्नी अनीता जाटव की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी के निर्देशन, वृत्ताधिकारी चतुर्थ मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ महावीर नगर रमेश कविया व एसएचओ आरके पुरम महेन्द्र कुमार मारू के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गिरफ्तार सभी आरोपी शातिर बदमाश हैं।

**एजीटीएफ चूरू व जिले के विभिन्न पुलिस थानों की संयुक्त कार्रवाई**

# 1.40 करोड़ की मेडिकेटेड ड्रग सहित 3 गिरफ्तार

**बेधड़क** | चूरू।

जिले की एजीटीएफ एवं थाना रतनगढ़, कोतवाली व सरदारशहर पुलिस की टीम ने मेडिकेटेड ड्रग तस्करी के आरोप में तीन जनों को गिरफ्तार कर करीब 1.40 करोड़ रुपए कीमत की अल्प्राजोलम एवं ट्रामाडोल नशीली गोलियां व कैप्सूल जब्त किए हैं। जब्त की गई ड्रग्स का वजन 5.59 किलोग्राम एवं संख्या 35 हजार है।



पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि आईजी बीकानेर रेंज द्वारा नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध आर्म्स के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विशेष अभियान 'ऑपरेशन फ्लश आउट' चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत चूरू में अधिक से अधिक कार्रवाई करने के लिए समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में एजीटीएफ प्रभारी निश्चय प्रसाद एम आईपीएस के नेतृत्व में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स व स्थानीय थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 16-17 अप्रैल को तीन अलग-अलग प्रकरणों में कुल 34,998 नशीली टैबलेट्स/कैप्सूल्स जब्त कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

**आरोपी पकड़ने गई पुलिस का विरोध**

# साइबर ठग सहित 4 को पुलिस ने किया दस्तयाब

**बेधड़क** | अलवर

जिले के मेवात क्षेत्र स्थित गोविंदगढ़ थाना अंतर्गत कैमाला गांव में गुरुवार को साइबर ठगी में लिप्त बदमाश को पकड़ने गई पुलिस को आरोपी के परिवार व आसपास के लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। हालांकि, गोविंदगढ़ थाना पुलिस भारी पुलिस जाप्ता के साथ मौके पर पहुंची और विरोध के बावजूद आरोपी सहित चार लोगों को दस्तयाब कर थाने लेकर आई।

एडिशनल एसपी डॉ. तेजपाल सिंह ने बताया कि गुरुवार को गोविंदगढ़ थाना पुलिस को साइबर ठग की सूचना नेशनल पोर्टल से मिली। इस पर पुलिस लोकेशन पर




पहुंची और आरोपी को दस्तयाब करना चाहा। तभी पुलिस को देख आरोपी के परिजन व अन्य लोग कार्रवाई का विरोध करने लगे और आरोपी को छुड़ाने का प्रयास करने लगे। हालांकि, गोविंदगढ़ थाना पुलिस पूरे जाब्ते के साथ आरोपी को पकड़ने गई थी, जिसके चलते उनकी चाल सफल नहीं हो पाई और विरोध के बावजूद पुलिस आरोपी सहित 4 लोगों को दस्तयाब कर थाने ले आई, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।


**तारानगर में बड़ा हादसा, स्कूटी-कार-विद्युत तार जलकर राख**

# कार में गैस भरते समय लगी भीषण आग, दुकानें धूं-धूं कर जलीं

**बेधड़क** | बीकानेर/चूरू

बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के स्किन डिपार्टमेंट और चूरू के बाजार में कार में गैस भरते वक्त आग लग गई। अस्पताल में चर्म रोग विभाग के मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट करना पड़ा। उधर, चूरू में आग ने विकराल रूप धारण कर तीन दुकानों को चपेट में ले लिया, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार चूरू जिले के तारानगर साहवा रोड पर एक दुकान से कार में गैस भरते समय अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान धूं-धूं कर जलने लगी। आग ने दुकान में रखे इलेक्ट्रिक स्कूटरों को भी चपेट में ले लिया। इससे



तारानगर में कार में लगी आग ने किया विकराल रूप धारण।

आग इतनी फैली कि पास में स्थित दो-तीन दुकानें भी आग की चपेट में आ गई। तारानगर थाना पुलिस के अनुसार कार में गैस भरते समय आग लग गई। फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक आग ने कार, बाइक, स्कूटी और विद्युत के तारों को चपेट में ले लिया था। दुकान के अंदर व बाहर रखा सामान भी कबाड़ में तब्दील हो चुका था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग से लाखों रुपए का नुकसान हो गया।

### किताबों की दुकान भी जली

पास में एक पुस्तकों की दुकान को भी आग ने चपेट में ले लिया था। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सामान और किताबों को दुकान से बाहर निकाला और आग बुझाने में जुट गए। आग पर काबू पाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बहरहाल, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### पीबीएम हॉस्पिटल में लगी आग, मरीज किए शिफ्ट

बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल के स्किन डिपार्टमेंट की बिल्डिंग में एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। घटना से हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया। मरीजों को तुरंत अन्यत्र शिफ्ट किया गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हॉस्पिटल के कर्मचारियों और रोगियों के साथ आए परिजनों ने मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बाद में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। बता दें कि सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के पास ही स्थित सुपर स्पेशिलिटी सेंटर से सटे स्किन डिपार्टमेंट में यह आग लगी थी। विभागाध्यक्ष डॉ. बी.सी. घीया के



कमरे में से धुआं आता दिखाई दिया। इसके बाद आसपास के कमरों से भी धुआं निकला। आग बढ़ती इससे पहले ही मरीजों को शिफ्ट किया गया। आग के कारण कुछ सामान भी जल गया है। एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। गनीमत रही कि यह आग फर्नीचर तक नहीं पहुंची। बता दें कि चिकित्सा सचिव ने बीकानेर यात्रा के दौरान पूरे अस्पताल की लाइट फिटिंग संबंधी दिशा निर्देश दिए थे।

अच्छी पहल: दिव्यांगों का जीवन संवारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में जुटा एनजीओ

# विशेष बच्चों में जगा रहे 'विशेष' बनने की 'उमंग'

पूजा कांवलिया | बेधड़क

**जयपुर।** कभी-कभी हमें उस एक छोटे से कदम की जरूरत होती है, जो अंधेरे में रोशनी की तरह चमक सके और हमारे जीवन की पूरी दिशा ही बदल दे। मानसरोवर स्थित उमंग एनजीओ ऐसे विशेष बच्चों के लिए वही छोटा सा कदम बनकर आया है, जिन्हें समाज ने अक्सर अनदेखा किया है। यह संस्था 18 वर्ष से अधिक आयु के 270 दिव्यांग युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है, ताकि वे न केवल समाज में अपनी जगह बना सकें अपितु अपने सपनों को भी पूरा कर सकें। संस्था से जुड़े कुल 1200 बच्चे सफलता की ओर अग्रसर हैं, जिनमें से 25 युवा नियमित रोजगार पर लगे हैं, जबकि कई स्वरोजगार कर रहे हैं।



कुकिंग और पेंटिंग करते युवा।

## ऐसे बनाते हैं युवाओं को आत्मनिर्भर

उमंग एनजीओ में विशेष बच्चों को हैंडमेड पेपर प्रोडक्ट्स जैसे ईको-फ्रेंडली बैग, डायरी, फोल्डर, गिफ्ट पैकिंग, सिलाई, कुकिंग में मठरी, अचार, गुंजिया, समोसे आदि बनाना, बुनाई, कोस्टर डिजाइनिंग और ऑर्गेनिक गुलाल बनाना सिखाया जाता है। ये सभी उत्पाद बच्चों द्वारा अपने हाथों से बनाए जाते हैं और जयपुर सहित अन्य शहरों में बेचे जाते हैं। इनसे होने वाली आय को समान रूप से बच्चों में बांटा जाता है, ताकि वे अपने श्रम का फल खुद पा सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें।

## समाज पर बोझ नहीं, योगदानकर्ता हैं ये बच्चे

उमंग की निदेशक दीपक कालरा बताती हैं कि हमारे संस्था के बच्चों में कुछ कर दिखाने की क्षमता है। उन्हें जरूरत है बस थोड़े से सहयोग व सही दिशा की। टीम वर्क, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यह तीन स्तंभ हैं जिन पर हम इनका भविष्य खड़ा कर रहे हैं। यहां हर बच्चा अपने हाथों से कुछ नया रचता है। उनका हर प्रोडक्ट उनकी मेहनत, लगन और आत्मगौरव की कहानी कहता है। हम चाहते हैं कि ये खुद को समाज पर बोझ नहीं बल्कि योगदानकर्ता समझें। हालांकि, भारत सरकार में दिव्यांगों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था है, लेकिन अधिकांशतः इसका लाभ केवल शारीरिक रूप से अक्षम लोगों तक ही सीमित रह जाता है। मानसिक रूप से विशेष जरूरतों वाले युवाओं को यह अवसर अब तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि इन बच्चों के लिए भी नौकरी के अवसर खोले जाएं, जब ये बच्चे मेहनती, हुनरमंद और समर्पित हैं तो इन्हें भी मुख्यधारा में शामिल होने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि वे इन बच्चों द्वारा बनाए उत्पाद खरीदें जिससे इन बच्चों को आर्थिक सहयोग के साथ आत्मबल और समाज में सम्मान से जीने का अवसर मिल सके।


सिलाई करता दिव्यांग।

# Events

## पर्यटन को बढ़ावा देने पर चर्चा



**बेधड़क, जयपुर।** 'राजस्थान की विरासत को ग्लैमर और मनोरंजन की दुनिया के साथ जोड़कर राज्य में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है।' यह प्रस्ताव सेलेविश मीडिया फाउंडर-डायरेक्टर मोहसिन खान, को-फाउंडर अनवरुल हसन और फिल्म निर्देशक दुष्यंत प्रताप सिंह ने उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी से मुलाकात के दौरान रखा। उन्होंने दीया कुमारी के साथ कई नए व उपयोगी इनसाइट्स साझा किए, जिनका उद्देश्य राजस्थान की विरासत को ग्लैमर और मनोरंजन की दुनिया के साथ जोड़ना है। सेलेविश मीडिया फाउंडर मोहसिन व को फाउंडर अनवरुल ने बताया कि मीटिंग उपयोगी रही और भविष्य की पहलों के लिए कई आशाजनक संभावनाएं सामने आईं। इससे टूरिज्म कैंपेन, सेलेब्रिटी-ड्रिवन इवेंट्स और फिल्म प्रोजेक्ट्स के नए रास्ते खुलेंगे, जो नेशनल और ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर राजस्थान की संस्कृति को उजागर करेंगे। गौरतलब है कि मोहसिन और अनवरुल अन्नू दोनों जयपुर से ही ताल्लुक रखते हैं।

## मेघना को एक्सीलेंस अवार्ड


रानू शर्मा, मेघना शर्मा और अजय शर्मा।

**बेधड़क. जयपुर।** मणिपाल यूनिवर्सिटी की बीएएलएलबी (ऑनर्स) फाइनल ईयर की छात्रा मेघना शर्मा ने लगातार 10 GPA हासिल कर यूनिवर्सिटी में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। गुरुवार को यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित मूट कोर्ट में आयोजित समारोह में लॉ फैकल्टी की डीन डॉ. भारती ने मेघना को एकेडमिक लिस्ट एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर लॉ फैकल्टी की डायरेक्टर डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा भी उपस्थित रहीं। मेघना को यह सम्मान लगातार तीसरे वर्ष मिला है। जयपुर स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल की छात्रा रही मेघना वरिष्ठ पत्रकार अजय शर्मा की बेटी हैं। पढ़ाई के साथ उन्हें जिमिंग का भी शौक है। कार्यक्रम के बाद यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ एन एन शर्मा ने इंजीनियरिंग डीन प्रो. विजय ढाका की उपस्थिति में उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## समानता को बढ़ावा देने पर जोर



**बेधड़क, जयपुर।** सोडाला स्थित एमजेआरपी यूनिवर्सिटी में राजस्थान यूनिवर्सिटी वुमन्स एसोसिएशन (रूवा) के सहयोग से लैंगिक संवेदनशीलता जागरूकता कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने लैंगिक समानता को शिक्षा प्रणाली का आवश्यक हिस्सा बताया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। रूवा के सदस्यों डॉ. शशिलता पुरी (प्रेसिडेंट), प्रो. बीना अग्रवाल (वाइस प्रेसिडेंट) और डॉ. प्रिया (संयुक्त सचिव) ने लिंग भूमिकाएं, लिंग पूर्वाग्रह और लिंग संवेदनशीलता के महत्व पर विचार रखे। अध्यक्ष रूवा डॉ. शशिलता पुरी ने रूवा के महत्व और विभिन्न प्रकोष्ठों तथा महिला सलाह और सुरक्षा केंद्र के बारे में स्टूडेंट्स को जानकारी दी। सत्रों में महिलाओं के हेल्पलाइन, कानूनी सहायता प्रणाली और लिंग समानता को बढ़ावा देने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रचलित रूढ़ियों को चुनौती देने और समावेशी शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

विश्व धरोहर दिवस पर विशेष

# फर्स्ट इंडिया OTT प्लस पर ऐतिहासिक 'धरोहर यात्रा'

राखी जैन | बेधड़क

**जयपुर।** जब भी हम धरोहरों की बात करते हैं राजस्थान का जिक्र अपने आप ही बातचीत का हिस्सा बन जाता है। इसकी रेत में इतिहास की गूंज है। हवाओं में वीरता की कहानियां और स्थापत्य में एक बेमिसाल शान है। देश-दुनिया को प्रदेश की इन अद्भुत और ऐतिहासिक धरोहरों की मनोरंजक यात्रा, वो भी घर बैठे कराने के लिए फर्स्ट इंडिया ओटीटी प्लस एक ट्रेवल शो लेकर आया है। इस शो को डिजाइन किया है फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल के सीईओ और मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने। बता दें कि फर्स्ट इंडिया न्यूज देश का पहला ऐसा न्यूज चैनल है, जिसने अपना खुद का ओटीटी लॉन्च किया है। शुक्रवार को विश्व धरोहर दिवस है। इस मौके पर हम फर्स्ट इंडिया ओटीटी प्लस के इस शो के जरिए आपको राजस्थान की उन ऐतिहासिक धरोहरों की यात्रा पर लिए चलते हैं, जिन्हें यूनेस्को ने विश्व धरोहर का दर्जा दिया है।


फोटो-योगेश शर्मा

### गुलाबी नगरी, जो इतिहास को आज से जोड़ती है

2019 में जब जयपुर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर शहर का दर्जा मिला तो यह महज़ एक प्रमाणपत्र नहीं था। यह जयपुर की जीवनशैली, उसकी सुंदरता और उसके आत्मविश्वास की स्वीकृति थी। यह शहर सिर्फ महलों और बाजारों का मेल नहीं यह एक सोच है, एक अनुभूति है, जहां परंपरा और आधुनिकता हाथ थाम कर चलती हैं।

### केवलादेव... जहां पंखों से लिखी जाती हैं कविताएं



इतिहास केवल पत्थरों में नहीं, बल्कि प्रकृति की गोद में भी सहेजा गया है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर एक ऐसी जगह है, जहां पक्षियों की चहचहाहट आपको एक और ही दुनिया में ले जाती है। यहां हर सर्दी में साइबेरिया जैसे देशों से पक्षी आते हैं और इस जगह को जीवन से भर देते हैं।

### किले, जहां पत्थरों में बसी वीरता की कहानियां



राजस्थान की धरती पर ऐसे छह किले हैं, जो न केवल स्थापत्य, बल्कि साहस और आत्मबल की मिसाल हैं। चित्तौड़गढ़, जहां रानी पद्मिनी का जौहर आज भी हर दीवार पर गूंजता है। कुंभलगढ़, महाराणा प्रताप की जन्मस्थली, जिसकी 36 किलोमीटर लंबी दीवारें आज भी दुश्मन को चुनौती देती हैं। आमेर अपनी भव्यता और शीश महल के लिए प्रसिद्ध है। जैसलमेर सुनहरी रेत की गोद में बसा किला। रणथंभौर, जहां बाघ और इतिहास एक साथ सांस लेते हैं और गागरोन जो चारों ओर से पानी से घिरा है, रणनीति और सुंदरता का अनुपम संगम है।

1st INDIA+ ENTERTAINMENT BEYOND BOUNDARIES

### जंतर मंतर... जहां विज्ञान पत्थर में ढलता है

जब राजा खगोलशास्त्री बनते हैं, तो जन्म होता है ऐसे अजूबे का। जंतर मंतर, 18वीं सदी में महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय द्वारा निर्मित, आज भी समय की सटीक गणना करता है। यह वेधशाला पत्थरों से बनी जरूर है, पर इसका ज्ञान समय और आकाश से जुड़ा है और यही इसे अद्वितीय बनाता है।

16 सीनियर व 5 जूनियर टीमें भिड़ेंगी

# राठौड़ ने फ्रेंडली मैच खेलकर किया DPTL का शुभारंभ




बेधड़क | जयपुर

प्रियंका हॉस्पिटल डीपीटीएल सीजन 5 गुरुवार को जय क्लब में शुरू हुई। लीग का शुभारम्भ खेल मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रियंका हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. जी एल शर्मा ने की।

जय क्लब के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता, सचिव मनोज दासोत गेस्ट ऑफ ऑनर थे। विशिष्ट अतिथि प्रियंका हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. पीयूष जोशी, डॉ. आशा शर्मा और जय क्लब के स्पोर्ट्स सेक्रेटरी संजय अजमेरा थे। लीग चेयरमैन डॉ जयंत सेन ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। लीग पैट्रन डॉ संदीप निझावन ने बताया कि प्रतियोगिता में 16 सीनियर व 5 जूनियर टीमें भाग ले रही हैं। लीग आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ और डॉ. जी एल शर्मा ने डॉ. जयंत सेन व डॉ. सुधांशु शर्मा के साथ एक फ्रेंडली डबल्स मैच खेलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। लीग को-चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि उद्घाटन सत्र में हुए मैचेज में आल इंडिया ओपन सिंगल्स 25-40 आयु वर्ग में डॉ. हरमीत ने डॉ. कृष्णामूर्ति को 13-5 से, डॉ. सुनील शर्मा ने डॉ. सतीश को 13-8 से, डॉ. संदीप खड्डा ने डॉ. सुनील जितरवाल को 13-3 से और डॉ. रुचिर एरन ने डॉ. आर के कजला को 13-10 से हराया। 40-50 आयु वर्ग में डॉ. रजत मलोत ने डॉ. निखिल को 14-12 से व डॉ. रवि सभरवाल ने डॉ. संकल्प भारतीय को 13-9 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि आल इंडिया ओपन डबल्स में 25-40 आयु वर्ग में डॉ. हरनीत और डॉ. निखिल ने डॉ. शुभम व डॉ कृष्णामूर्ति को 6-1 से हराया। दबंग डबल्स में डॉ. नरेंद्र और डॉ. रमेश ने डॉ. संजय व डॉ. कृष्णामूर्ति को 6-3 से व डॉ. आई डी वेंकटेश ने डॉ. नरेंद्र व डॉ. रमेश को 6-4 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि ट्रायो प्रतियोगिता में डॉ. हरनीत, डॉ. आदेश और डॉ. अनुपल ने डॉ. रवि, डॉ. नीरज व डॉ. रमेश को 21-4 से हराया।

## वीरेन का नेशनल स्कूल्स में चयन

**बेधड़क, जयपुर।** 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता (छात्र-छात्रा) में 14 वर्ष आयुवर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश के प्लेयर्स 25 से 29 अप्रैल तक संजीवन ग्रुप ऑफ स्कूल्स कोहलापुर (महाराष्ट्र) में भाग लेंगे। इसके लिए जयपुर के सेंट जेवियर्स स्कूल जयपुर के वीरेन सरकार का चयन हुआ है। उनके पिता विजयदीप मीणा ने बताया कि वीरेन में शुरू से फुटबॉल का जुनून रहा है।



आक्रोश | पिंक सिटी प्रेस क्लब में एकत्रित हुए विभिन्न हिंदू संगठनों ने दी चेतावनी

# गौ तस्करी से जुड़े लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में गौवंश की तस्करी लगातार जारी है। अब तो खुलेआम पुलिस की मिलीभगत सामने आ चुकी है। इससे बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति नहीं हो सकती। लगातार हो रही गौ तस्करी से गौ भक्तों, राष्ट्र भक्तों और सनातनियों में चिंता है। दो दिन पहले ही नागौर से 70 ट्रकों में करीब 400 गौवंश को प्रशासन ने पकड़ा, जो दूसरे राज्यों में ले जाया जा रहा था। प्रदेश में हटवाड़े लगाकर गोवंश को बेचा जा रहा है। यह कहना था राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कौशिक का। वे प्रदेश में गौवंश की तस्करी बढ़ने पर चिंता जता रहे थे। इस मौके पर कई संगठनों ने तस्करी रोकने की मांग उठाई। अनेक संगठनों के पदाधिकारी गुरुवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में एकत्र हुए और मुख्यमंत्री से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर बजरंग दल से सुमित खंडेलवाल, राष्ट्रीय हिंदू महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कौशिक, क्रांतिकारी संत गौ भक्त प्रकाश दास महाराज और कमांडो फोर्स अध्यक्ष एसएस टाइगर आदि मौजूद रहे।


राष्ट्रीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कौशिक व अन्य संगठनों के पदाधिकारी।

### मुख्यमंत्री कराएं प्रकरण की जांच

कौशिक ने कहा कि जिस प्रकार मुगलकालीन शासन में बहन-बेटियों की बोली लगाकर बेचा जाता था, आज देश में गोवंश की बोली लगाई जा रही है। हमने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है। मुख्यमंत्री बड़े संवेदनशील हैं। हम उनसे मांग करते हैं कि इस प्रकरण की तहकीकात कराएं। वहीं प्रशासन के जो लोग लिप्त हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो। कार्रवाई नहीं होती है तो देश भर के गौ भक्त आंदोलन चलाएंगे।

### कलेक्टर और एसपी की जवाबदेही तय हो




उधर, बांसवाड़ा से सटे मध्यप्रदेश बॉर्डर पर 52 ट्रकों में हो रही गौ तस्करी का खुलासा होने पर गौ सेवी संगठनों ने आक्रोश जताया है। गुरुवार को वैशाली नगर, जयपुर स्थित कार्यालय में भारतीय गौ क्रांति मंच की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद कोठारी ने कहा कि बलदेव मेला, मेड़ता सिटी से फर्जी दस्तावेजों पर गायें खरीदी गईं और महाराष्ट्र के बूचड़खानों में भेजी जा रही थीं। तस्करों के पास हथियार, मिर्ची पाउडर तक बरामद हुए हैं। आरोप लगाया गया कि पुलिस की मौजूदगी में तस्करी हो रही थी और गौ रक्षकों को खदेड़ा गया। मंच ने मांग की कि हर जिले में तस्करी के मामलों में कलेक्टर और एसपी की जवाबदेही तय की जाए।

### आईएनएस विक्रांत पर तैनात होंगे... हिंद महासागर में बढ़ेगी ताकत

# चीन को चुनौती देंगे हमारे लड़ाकू राफेल विमान



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार



"यह समुद्री लड़ाकू विमान नौसेना की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। ये सभी आधुनिक समुद्री प्रणालियों से लैस हैं, जिनसे समुद्र में दुश्मन और उसकी पनडुब्बियों का पता लगाया जा सकता है। युद्धपोतों के अलावा, पनडुब्बियों को पहचानने के लिए इसमें उच्च तकनीक वाले सेंसर भी लगे हैं। इन विमानों को आईएनएस विक्रांत पर स्थापित किया जाएगा।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की केंद्रीय समिति (सीसीएस) ने सरकार से द्विपक्षीय डील के तहत 64 करोड़ रुपए की लागत से भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-एम (मैरीटाइम) की खरीद को अंतिम रूप दिया है। इनमें से 21 विमान नौसैनिक विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सुरक्षा के लिए स्थापित किए जाएंगे। इनमें से 22 एक सीट वाले और 4 दो सीट वाले विमान होंगे।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते हस्तक्षेप के बीच इन विमानों को विशेष रूप से भारतीय नौसेना के लिए डिजाइन किया गया है। राफेल पोर्टफोलियो की इस खरीद में फ्रांस सरकार की ओर से नौसेना के लिए हथियार, उपकरण, कलपुर्जे, सहायक सामग्री और पायलट प्रशिक्षण भी शामिल है। फ्रांसीसी एयरस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन द्वारा 37 से 65 महीनों के भीतर इन राफेल-एम विमानों की आपूर्ति की जाएगी। यानी सभी विमानों की आपूर्ति 2030-31 के अंदर हो जाएगी। यह विमान भारतीय नौसेना की परिचालन आवश्यकताओं पर पूरी तरह से खरा उतरा है, इसलिए इसकी खरीद को मंजूरी दी गई है। इससे पहले भारत ने फ्रांस से 36 राफेल विमान वायुसेना के लिए खरीदे थे।

यह समुद्री लड़ाकू विमान नौसेना की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। ये सभी आधुनिक समुद्री प्रणालियों से लैस हैं, जिनसे समुद्र में दुश्मन और उसकी पनडुब्बियों का पता लगाया जा सकता है। युद्धपोतों के अलावा, पनडुब्बियों को पहचानने के लिए इसमें उच्च तकनीक वाले सेंसर भी लगे हैं। इन विमानों को आईएनएस विक्रांत पर स्थापित किया जाएगा। यह मिग-29 का बेहतर और मजबूत विकल्प सिद्ध होगा। इस तरह का एक सक्षम लड़ाकू विमान भारत लंबे समय से खोज रहा था, क्योंकि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का दखल लगातार बढ़ रहा है और वह अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। वहीं फ्रांस की मंशा इस क्षेत्र को खुला और समावेशी बनाए रखने की है। एक तरह से चीन की चुनौती के जवाब में भारत और फ्रांस की यह साझा रणनीति बनती दिख रही है। हालांकि इन विमानों की पहली खेप का इंतजार अभी तीन साल रहेगा, क्योंकि पहले साल तकनीकी और लागत संबंधी प्रक्रियाएं पूरी होंगी। फिर भी विशेषज्ञ मानते हैं कि राफेल की यह खरीद महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत पहले से ही राफेल विमानों की देखरेख से जुड़ी अधोसंरचना विकसित कर चुका है, जो नौसेना के लिए भी उपयोगी होगी और इससे खर्च की भी बचत होगी।

> भारत सरकार पिछले पांच सालों से आईएनएस विक्रांत के लिए नए लड़ाकू विमान की योजना पर विचार कर रही थी। तीन साल पहले अमेरिकी बोइंग एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट और फ्रेंच राफेल-एम में से किसी एक को चयनित करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। भारतीय नौसेना ने 2022 में गोवा में इन दोनों विमानों का परीक्षण किया और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के अनुसार राफेल-एम, आईएनएस विक्रांत के लिए अधिक उपयुक्त पाया गया, जबकि एफ/ए-18 को लेकर विशेषज्ञों में मतभेद थे।

फ्रांस से कुल 26 राफेल-एम विमान आएंगे। ये उसी डसॉल्ट कंपनी से खरीदे जा रहे हैं, जिससे 2016 में 36 राफेल विमान खरीदे गए थे। यह खरीद ऐसे समय में हो रही है जब यूक्रेन युद्ध के चलते वैश्विक रक्षा खरीद की निगाहें भारत पर टिकी हैं। राफेल-एम के सौदे के साथ यह भी तय हुआ है कि भारत पेरिस में अपने दूतावास में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) का कार्यालय स्थापित करेगा। यह भारत और फ्रांस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा, दोनों देश अन्य देशों के साथ सह-विकास और सह-निर्माण की योजना पर भी काम कर रहे हैं।

भारत सरकार पिछले पांच सालों से आईएनएस विक्रांत के लिए नए लड़ाकू विमान की योजना पर विचार कर रही थी। तीन साल पहले अमेरिकी बोइंग एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट और फ्रेंच राफेल-एम में से किसी एक को चयनित करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। भारतीय नौसेना ने 2022 में गोवा में इन दोनों विमानों का परीक्षण किया और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट के अनुसार राफेल-एम, आईएनएस विक्रांत के लिए अधिक उपयुक्त पाया गया, जबकि एफ/ए-18 को लेकर विशेषज्ञों में मतभेद थे।

राफेल-एम विमान 15.27 मीटर लंबा, 10.80 मीटर चौड़ा और 5.34 मीटर ऊंचा है। इसका वजन लगभग 10,600 किलोग्राम है। यह अधिकतम 1,912 किमी प्रति घंटे की गति से उड़ान भर सकता है और 50,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसकी रेंज 3,700 किमी है। यह विमान विमानवाहक पोत से उड़ान भरने की क्षमता रखता है, इसलिए इसमें कम रनवे से टेकऑफ करने के लिए आवश्यक विशेषताएं मौजूद हैं। वास्तव में यह विमान जटिल समुद्री वातावरण में संचालन के लिए ही डिजाइन किया गया है। नौसेना के लिए राफेल-एम की यह खरीद वायुसेना के साथ सामंजस्य बनाते हुए युद्धक सहयोग, प्रशिक्षण, रखरखाव और लॉजिस्टिक्स में लाभकारी सिद्ध होगी। भारतीय नौसेना की 'परियोजना-75' के तहत पहले ही फ्रांसीसी सहयोग से मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा छह स्कॉर्पीन पनडुब्बियों का निर्माण किया जा चुका है।

याद रहे, देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में फ्रांस यात्रा के दौरान डसॉल्ट एविएशन से 36 राफेल विमान खरीदने का सौदा किया था। यह डील पहले अधर में लटकी हुई थी, लेकिन मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद के बीच सीधे संवाद से इसे अंतिम रूप दिया गया। इसका फायदा यह हुआ कि युद्धक विमान जल्दी ही भारत के बेड़े में शामिल हो गए और इस प्रक्रिया में किसी भी बिचौलिए की भूमिका नहीं रही। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और रक्षा मंत्री एके एंटनी की ईमानदार छवि के बावजूद रक्षा सौदों में ठोस निर्णयों की कमी दिखी, जिससे आवश्यक रक्षा क्षमता का लाभ नहीं मिल सका। अब जबकि राफेल विमानों की नई खेप शामिल हो रही है, भारत की रक्षा शक्ति पहले से अधिक संगठित और प्रभावशाली बन जाएगी। राफेल की खरीद से यह भरोसा जगा है कि हमारे सैनिक बिना लड़े शहीद नहीं होंगे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

---

**व्यंग्य**

## हम कब तक बैठेंगे कुंवारे



आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार

सब्र और सहन करने की आखिर कोई सीमा होती है। एक उम्र होने के बाद भी अगर कुंवारे का विवाह नहीं होगा तो उसके सब्र का बांध टूटना लाजमी है। जब शादियों का दौर हो और चारों तरफ बैंड और शहनाइयों की गूंज हो, तो मन और दिल में शादी करने की उमंगें एक कुंवारे के अंदर हिलोरे तो लेंगी ही। एक कुंवारे का दर्द कुंवारा नहीं, शादीशुदा व्यक्ति ही समझ सकता है। कुंवारा क्या जानेगा, जो खुद ही इस त्रासदी से गुजर रहा है? शादी करना कुंवारों का हक है और यह हक तो उनको मिलना ही चाहिए। सभी धर्मों में कुंवारों को शादी करने का हक दिया गया है। जब अगर कोई कुंवारों के 'मन की बात' नहीं सुनेगा, तो वे आक्रोशित तो होंगे ही। जब सरकार सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ करती है, तो इन बेचारे कुंवारों का उद्धार क्यों नहीं करती? चुनाव के समय बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का वादा किया जाता है, तो कुंवारों की शादी कराने का वादा क्यों नहीं किया जाता? इन पीड़ितों का एक ही नारा है, 'हम कब तक कुंवारे बैठेंगे, हमारा भी बैंड बजवाओ, हमारी शादी करवाओ।' सरकार को इस पीड़ित वर्ग की ओर भी ध्यान देना चाहिए। यह तबका चारों तरफ से उपेक्षा का शिकार होता रहता है।

यहां हर कोई इनका बैंड बजाने पर तुला रहता है। बैंड बजाने से मतलब, गरीबों की तरह इनका शोषण करने में लगा ही रहता है। 'सबका साथ, सबका विकास' आखिर कैसे होगा, जब कोई साथ ही नहीं होगा तो? सरकार को चाहिए कि यह वर्ग भड़के उससे पहले ही इनके लिए कोई इस तरह की घोषणा कर दे, जिससे इनका भी भला हो जाए। मतदाताओं की सूची देखें तो इनका प्रतिशत भी अच्छा-खासा रहता है। यह वर्ग सत्ता की अदला-बदली तक करने की ताकत रखता है। अभी-अभी एक उड़ती-उड़ाती खबर आई है कि इस बार कुंवारों ने राष्ट्रीय स्तर पर एक संगठन बनाकर यह निर्णय लिया है कि अगर 'इस बार शादी नहीं, तो वोट नहीं।' यह खबर सुनते ही सभी राजनीतिक दलों के तो होश ही उड़ गए हैं। कहते हैं, जब सीधी उंगली से घी नहीं निकले तो उंगली को जरा टेढ़ा करना ही पड़ता है।

यही काम कुंवारे कर रहे हैं। उनका कहना है कि 'अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे और लड़ाई है।' इनके इस उग्र रूप को देखते हुए लगता है कि सरकार कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहती है, इसलिए सरकार को जल्द ही इनके प्रतिनिधि मंडल से वार्ता कर उसका समाधान निकाल ही लेना चाहिए।

खैर, यह तो हो गया सरकार के स्तर का मामला। अब इस समस्या का समाधान करने का कुछ फर्ज तो हमारा भी बनता है। कहते हैं, मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है, उसी तरह किसी का घर उजाड़ने से बसाने वाला बड़ा होता है। तो क्यों न हम भी किसी कुंवारे का घर बसाने का बीड़ा उठाएं और इस पावन कार्य को कर कुछ पुण्य अर्जित कर लें? हां, पर आपको जरा सचेत कर दूं कि इस कार्य में खतरा बहुत है। काम सही हो गया तो ठीक, और जरा कुछ गड़बड़ हो गया तो जीवन भर सुनना पड़ेगा। मतलब, उनका भला करने में कहीं आपका बुरा न हो जाए। 'कोयले की दलाली में तो काले हाथ' होते हैं, पर यहां तो बिना दलाली के ही सब कुछ काला-काला हो सकता है। इसलिए जनहित में एक चेतावनी है, 'किसी का घर बसाना, आपके जीवन के लिए घातक हो सकता है।' इसलिए इससे सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

---

X



**अमित शाह,** केन्द्रीय गृहमंत्री
@AmitShah
देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रहरी CRPF ने अपने साहस, समर्पण, बहादुरी और बलिदान से न केवल देश को सुरक्षित बनाया है, बल्कि हमारी धरोहरों और लोकतंत्र की रक्षा में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। आज नीमच (मध्य प्रदेश) में CRPF दिवस परेड समारोह में देश की सुरक्षा और शांति को सर्वोच्च ध्येय बनाते हुए अपना बलिदान देने वाले CRPF के वीर शहीदों को नमन किया। साथ ही, CRPF के कार्मिकों को पदकों से अलंकृत भी किया।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आज आबू रोड में देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री माननीय श्री @AmitShah जी की गरिमामय उपस्थिति में "सुरक्षा बलों के कर्मियों के लिए आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्म-सशक्तीकरण" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम में सहभागिता कर उपस्थितजनों को संबोधित किया। साथ ही माननीय गृह मंत्री महोदय के प्रेरणादायक उद्बोधन का श्रवण कर उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। माननीय गृह मंत्री महोदय ने उपस्थितजनों को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए नवीनतम प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार देश की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने तथा सुरक्षा बलों के कल्याण एवं सशक्तीकरण हेतु पूर्णतः कृतसंकल्पित है।

---

### नॉलेज कॉर्नर: संगीत नहीं, यह है स्वभाव की पहचान... पक्षियों की अनोखी दुनिया

# जब पक्षियों के गीत बयां करें उनका व्यक्तित्व

जब हम सुबह की सैर के दौरान पेड़ों पर चहचहाते पक्षियों की मीठी धुन सुनते हैं, तो यह हमारे लिए एक सुकूनदायक अनुभव होता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि ये गीत केवल ध्वनि नहीं, बल्कि पक्षियों के व्यक्तित्व का आईना भी हो सकते हैं? पक्षी गीत केवल संगीत नहीं होता, यह उनका एक जरूरी संचार उपकरण है। वे इसका प्रयोग साथी को आकर्षित करने, प्रजनन क्षेत्र की रक्षा करने और प्रतिस्पर्धियों को चुनौती देने के लिए करते हैं। अब एक नए अध्ययन से यह रोचक तथ्य सामने आया है कि ये गीत गायक पक्षी के स्वभाव और व्यक्तित्व के बारे में भी सुराग देते हैं।

### कैसे किया गया परीक्षण?

शोधकर्ताओं ने जंगली 'सुपर्ब फेयरी-रेंस' पक्षियों को पकड़कर उनके व्यवहार का अध्ययन किया। उन्होंने दो प्रमुख लक्षणों का आकलन किया। पक्षियों को एक नए वातावरण में रखकर देखा गया कि वे कितना घूमते हैं और नई चीजों का परीक्षण करते हैं। पक्षियों के सामने आईना रखा गया, जिससे वे अपने प्रतिबिंब को प्रतिद्वंद्वी समझते हैं और प्रतिक्रिया करते हैं। इसके बाद, इन पक्षियों के गीत कई महीनों तक रिकॉर्ड किए गए, जिनमें प्रत्येक गीत में प्रयुक्त ध्वनि तत्वों और आलापों की संख्या पर ध्यान दिया गया।



### गीत सीखने की प्रक्रिया

इस शोध से यह भी पता चला कि ये चिड़िया सिर्फ अपने माता-पिता से ही नहीं, बल्कि प्रजाति के अन्य सदस्यों से भी गाना सीखती हैं। इसका मतलब है कि उनका गीत न केवल अनुवांशिक या जन्मजात होता है, बल्कि समाजिक और पर्यावरणीय प्रभावों से भी बनता है।

### क्या निकले निष्कर्ष?

अध्ययन से कई दिलचस्प बातें सामने आईं। जो पक्षी अधिक खोजी प्रवृत्ति के थे, उनके गीतों में अधिक ध्वनि तत्व शामिल थे। इसका मतलब ये पक्षी जटिल और विविध धुनें बनाते हैं। वहीं, अधिक आक्रामक पक्षियों ने अपेक्षाकृत कम आलाप वाले गीत गाए। यह स्पष्ट करता है कि पक्षी अपने गीतों में केवल आकर्षण ही नहीं, बल्कि अपने स्वभाव का भी प्रदर्शन करते हैं। ये फर्क न केवल नर और मादा में मौजूद हैं, बल्कि जीवन के विभिन्न चरणों में भी बदल सकते हैं।

### क्यों है यह अध्ययन महत्वपूर्ण?

*यह अध्ययन पक्षियों के व्यक्तिगत व्यवहार और सामाजिक संचार को बेहतर समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे यह भी समझा जा सकता है कि कैसे पशु भी व्यक्तित्व के विविध रंग प्रदर्शित करते हैं और उसका असर उनके सामाजिक व्यवहार पर पड़ता है।*

*कंटेंट: रघुवीर जांगिड़*

नेशनल हेराल्ड केस: कांग्रेस का प्रदर्शन जारी, भाजपा ने भी किया पलटवार

# कानूनी मोर्चे के साथ राजनीतिक लड़ाई की तैयारी, कांग्रेस की बैठक कल

एजेंसी | नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम आने के बाद कांग्रेस मुखर हो गई है। 25 अप्रैल की सुनवाई से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को पार्टी की रणनीति तय करने के लिए बड़ी बैठक बुलाई है। इसमें सभी महासचिवों, प्रभारियों और फ्रंटल संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। उधर, राहुल गांधी कानूनी सलाह के बाद अपने तय कार्यक्रम के तहत अमेरिका के बोस्टन रवाना हो गए हैं। उन्होंने और उनके वकीलों ने तय किया है कि वे राउज एवेन्यू कोर्ट की प्रक्रिया में शामिल रहेंगे और सीधे हाईकोर्ट नहीं जाएंगे। वकीलों ने राहुल को बताया है कि उन्हें 25 अप्रैल या उसके बाद किसी तारीख को कोर्ट में पेश होना पड़ सकता है, जिसके लिए वे तैयार हैं। अब कांग्रेस कानूनी मोर्चे के साथ-साथ राजनीतिक लड़ाई की भी तैयारी कर रही है। वहीं, इस मामले में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। जवाब में भाजपा ने भी कई राज्यों में प्रदर्शन कर पलटवार किया।

### हरियाणा कांग्रेस का प्रदर्शन: भूपेंद्र हुड्डा को हिरासत में लिया, कुछ देर बाद छोड़ा



कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को चंडीगढ़ में ईडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। ईडी दफ्तर पहुंचने से पहले ही पुलिस ने कांग्रेसियों का रास्ता रोक लिया। ऐसे में कांग्रेस नेताओं ने विरोध दर्ज कर नारेबाजी करनी शुरू कर दी। पुलिस ने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस प्रदर्शनकारियों को थाने ले गई, जहां कुछ समय बाद इन सभी नेताओं को रिहा कर दिया।

### 25 अप्रैल को होगी सुनवाई

ईडी ने नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में 25 अप्रैल को इस मामले में सुनवाई होगी।

### भाजपा का पलटवार, मोदी सरकार भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे डालेगी




कांग्रेस की ओर से किए जा रहे विरोध के जवाब में भाजपा ने भी गुरुवार को कई राज्यों में कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोनिया और राहुल पर देश को लूटने के आरोप लगाए। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि अगर गांधी परिवार ने जनता के पैसे से अपना खजाना भरा है तो उनसे एक-एक पैसा वसूला जाएगा। “मोदी सरकार का संकल्प भ्रष्टाचार को खत्म करना, भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे डालना है।”

### सोनिया, राहुल नए जमाने के डकैत

भाजपा नेता संबित पात्रा ने भुवनेश्वर में सोनिया और राहुल पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले को ‘डकैती’ बताया है। पात्रा ने कहा कि इसे ‘चोरी या भ्रष्टाचार’ नहीं कहना चाहिए। संबित पात्रा ने सोनिया और राहुल गांधी को ‘आज के जमाने का डकैत’ कहा।

---

## सीएम स्टालिन ने सिफी डेटा सेंटर का किया उद्घाटन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने गुरुवार को सिरुसेरी के पास 1,882 करोड़ रुपए की लागत से बने अत्याधुनिक एआई-समर्थित डेटा सेंटर का उद्घाटन किया। यह डेटा सेंटर सिफी टेक्नोलॉजीज द्वारा विकसित किया गया है और इससे 1,000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। 130 मेगावाट क्षमता वाला यह परिसर राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। सिफी की 2027 तक चेन्नई में 13,000 करोड़ रुपए निवेश की योजना है। उद्घाटन के दौरान उद्योग मंत्री टी.आर.बी राजा भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानी धीरन चिन्नामलाई को श्रद्धांजलि भी दी गई।

## विदेश राज्य मंत्री का मलेशिया दौरा आज से



**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा 18-19 अप्रैल को कुआलालंपुर की यात्रा करेंगे और ‘मलेशियाई एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रैवल एजेंट्स फेयर’ में भाग लेंगे। मार्गेरिटा के द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है और वह कारोबारी क्षेत्र के दिग्गज व्यक्तियों और भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत कर सकते हैं। राज्य मंत्री आसियान -भारत पर्यटन पेशेवर आदान प्रदान कार्यक्रम 2025 के तहत 18-19 अप्रैल को कुआलालंपुर में ‘मलेशियाई एसोसिएशन ऑफ टूर एंड ट्रैवल एजेंट्स फेयर’ में शिरकत करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## कार्बी आंगलोंग उग्रवाद से विकास की ओर बढ़ा: हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने गुरुवार को कहा कि कार्बी आंगलोंग जिले में 2021 में छह उग्रवादी संगठनों से हुए शांति समझौते के बाद क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। दो दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने पूर्व उग्रवादियों से मुलाकात कर समझौते की शर्तों की समीक्षा की। शर्मा ने कहा कि हिंसा छोड़ चुके कई लोग अब मत्स्यपालन और कृषि के क्षेत्र में उद्यमी बनकर रोजगार सृजन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार केंद्र के 1,000 करोड़ रुपए के पैकेज के तहत शांति समझौते को पूरी तरह लागू कर रही है।

---

नीमच: सीआरपीएफ का 86वां स्थापना दिवस समारोह

# नक्सलवाद मुक्त भारत के मिशन की रीढ़ है सीआरपीएफ: शाह

■ 2026 तक देश से नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया

एजेंसी | नीमच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मध्यप्रदेश के नीमच जिले में आयोजित सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह में ऐलान किया कि भारत में नक्सलवाद अब सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।

उन्होंने इस मिशन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को ‘रीढ़’ करार दिया। उन्होंने कहा कि पशुपतिनाथ से तिरुपति तक लाल आतंक फैलाने का सपना देखने वाले नक्सलियों को अब सिर्फ चार जिलों तक सीमित कर दिया गया है, जिसका श्रेय मुख्य रूप से सीआरपीएफ को जाता है।

शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करना है और इस दिशा में सीआरपीएफ, खासकर इसकी कोबरा बटालियन, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गृह मंत्री ने बताया कि सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित इलाकों में 400 से अधिक अग्रिम संचालन अड्डे (फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस) स्थापित किए हैं, जिससे इन क्षेत्रों में हिंसा में 70% से अधिक की कमी आई है। उन्होंने कहा कि आज सबसे खूंखार नक्सली भी कोबरा कमांडो की मौजूदगी से डरते हैं। समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस समारोह में पुलिस अधिकारियों के साथ। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे।

### वीरता और बलिदान को किया याद

शाह ने सीआरपीएफ की वीरता और बलिदान को याद करते हुए कहा कि अब तक बल के 2,264 जवानों ने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा, “कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर और नक्सल इलाकों तक, सीआरपीएफ ने हर मोर्चे पर अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाया है।” गृह मंत्री ने 2001 के संसद हमले और 2005 में श्रीराम जन्मभूमि पर हुए आतंकी हमले को भी याद करते हुए कहा कि दोनों ही अवसरों पर सीआरपीएफ ने हमलों को नाकाम कर देश को सुरक्षित रखा।

### जवानों ने हर जगह अपना कर्तव्य निभाया



शाह ने कहा कि चाहे अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद कश्मीर में शांति कायम करने की बात हो या शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने की, सीआरपीएफ जवानों ने हर जगह अपना कर्तव्य सच्चे मन से निभाया है। उन्होंने कहा, “अनुच्छेद 370 हटने के बाद कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए और उस समय लोगों को कई तरह की आशंकाएं थीं लेकिन सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों ने सुरक्षा सुनिश्चित की।” उन्होंने इसे ‘बहुत बड़ी उपलब्धि’ करार देते हुए कहा कि न तो एक भी बूथ लूटे जाने की खबर आई और न ही एक भी गोली चलने की।

---

कांग्रेस का केंद्र सरकार पर वार

# वक्फ अधिनियम से संविधान के मूल पर किया हमला

■ सिंघवी बोले– यह सुधार नहीं, धार्मिक अधिकारों पर प्रहार

एजेंसी | नई दिल्ली



कांग्रेस ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 से जुड़े मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई अंतरिम राहत का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि यह अधिनियम किसी एक समुदाय पर नहीं, बल्कि संविधान के मूल ढांचे और मूल्यों पर सीधा प्रहार है। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार को सात दिन में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि इस बीच केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में कोई नई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ‘‘जिसे सरकार सुधार कह रही है, वह दरअसल एक वैचारिक हमला है। यह कानून धार्मिक संस्थाओं की स्वायत्तता और अल्पसंख्यकों के आत्मनिर्णय के अधिकार को खत्म करने की कोशिश करता है।’’ उन्होंने कहा कि यह अधिनियम पूरी तरह से सरकारी नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास है और संविधान के अनुच्छेद 26 के उल्लंघन के समान है, जो धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थानों के संचालन का अधिकार देता है। सिंघवी ने यह भी कहा कि अधिनियम में वक्फ बोर्डों के सदस्यों की नियुक्ति सरकार द्वारा करने की बात कही गई है, जिससे इन संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर सवाल उठता है। उन्होंने इसे ‘‘प्रशासनिक दक्षता के नाम पर न्यायिक सिद्धांतों को कुचलने वाला कदम’’ बताया। राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने न्यायालय द्वारा कुछ प्रावधानों पर रोक लगाने को ‘‘संविधान की रक्षा की दिशा में पहला कदम’’ बताया और उम्मीद जताई कि आने वाली सुनवाई में और राहत मिलेगी। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट किया कि वह इस अधिनियम का विरोध संसद से सड़क तक करेगी।

---

हरियाणा भूमि सौदा धनशोधन मामला

## वाड्रा तीसरे दिन भी ED के सामने पेश

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा 2008 के हरियाणा भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को लगातार तीसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। पेशी से पहले वाड्रा ने कहा कि जितना परेशान किया जाएगा, वो उतना मजबूत होंगे। अधिकारियों ने बताया कि जांच के तहत वाड्रा (56) से पिछले दो दिनों में दस घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई और धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज करने की प्रक्रिया गुरुवार को भी जारी रही। वह अपनी पत्नी प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। वाड्रा के खिलाफ यह जांच हरियाणा के मानेसर-शिकोहपुर (अब गुरुग्राम में सेक्टर 83) में एक भूमि सौदे से जुड़ी है। जांच फरवरी 2008 में हुए एक भूमि सौदे से संबंधित है, जिसमें वाड्रा से जुड़ी एक कंपनी, ‘स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड’ ने गुरुग्राम के शिकोहपुर में ‘ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज’ नामक कंपनी से 7.5 करोड़ रुपए की कीमत पर 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। वाड्रा इस कंपनी में पहले निदेशक थे।



## पी. चिदंबरम, कार्ति की याचिकाओं पर सुनवाई 28 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पी. चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम की याचिकाओं पर 28 अप्रैल से पहले सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। दोनों ने आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय करने पर बहस टालने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने कहा कि निर्धारित तिथि पर ही सुनवाई होगी। चिदंबरम पिता-पुत्र ने दलील दी थी कि सीबीआई जांच अभी पूरी नहीं हुई है। सीबीआई ने 2017 में मामला दर्ज किया था, जिसमें विदेशी फंड की मंजूरी में अनियमितता का आरोप है। याचिका में निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है।

---

चुनाव नियमों में संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## चुनाव आयोग को जवाब देने के लिए दिया तीन हफ्ते का समय

एजेंसी | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को 1961 की चुनाव संचालन नियमावली में हाल ही में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग को जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का और समय दिया है। यह आदेश कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया गया। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इस मामले में केंद्र और आयोग को पहले ही नोटिस जारी किया था। गुरुवार को सुनवाई के दौरान आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया। अब अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। जयराम रमेश, श्याम लाल पाल और सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने याचिकाएं दायर कर 1961 के नियम 93(2)(ए) में किए गए संशोधन को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह संशोधन ‘‘बहुत चतुराई से’’ किया गया है और इससे मतदाता की पहचान उजागर होने की आशंका के नाम पर मतदान की पारदर्शिता को खतरा है। सरकार ने इस संशोधन के तहत सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसी सामग्री की सार्वजनिक जांच पर रोक लगा दी है।



---

विदेशी चंदा मामले में सीबीआई ने आप नेताओं पर की कार्रवाई

# दुर्गेश पाठक, कपिल भारद्वाज के ठिकानों पर छापे

■ आप का दावा- गुजरात में पार्टी के विकास से डरी भाजपा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने कथित तौर पर विदेशी चंदा प्राप्त करने के नियमों में उल्लंघन करने के आरोप में गुरुवार को पार्टी के पूर्व विधायक दुर्गेश पाठक के परिसरों पर छापेमारी की। एजेंसी ने पाठक के अलावा पार्टी के एक अन्य पदाधिकारी कपिल भारद्वाज (अब दिवंगत) के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। गृह मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि आम आदमी पार्टी ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम 2010 के प्रावधानों का उल्लंघन कर विदेशी चंदा प्राप्त किया है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि एफसीआरए अधिनियम 2010 की धारा तीन और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29बी के तहत किसी राजनीतिक दल द्वारा विदेशियों से चंदा लेना प्रतिबंधित है। वहीं, कार्रवाई के विरोध में आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गुजरात चुनाव से पहले भाजपा आप पार्टी के नेताओं को टारगेट कर रही है। उन्होंने कहा कि दुर्गेश पाठक को जिम्मेदारी मिलते ही उनके घर पर सीबीआई का छापा पड़ा।

### कार्रवाई राजनीति से प्रेरित: पाठक



आप नेता दुर्गेश पाठक ने सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसकी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई गुजरात में उनकी बढ़ती राजनीतिक सक्रियता को देखते हुए उन्हें डराने की कोशिश है। पाठक ने बताया कि सीबीआई की टीम ने उनके दो कमरों वाले घर की तीन से चार घंटे तक तलाशी ली, लेकिन कुछ भी बरामद नहीं हुआ। अधिकारियों ने केवल तलाशी वारंट दिखाया और कार्रवाई का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया।

### क्या है मामला?

गृह मंत्रालय की शिकायत पर सीबीआई ने एफसीआरए के तहत दुर्गेश पाठक, कपिल भारद्वाज और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच में सामने आया कि 2016 में कनाडा में आयोजित एक कार्यक्रम में दुर्गेश पाठक ने विदेशी फंड जुटाया, लेकिन डोनर्स के नाम आधिकारिक रिकॉर्ड में नहीं दिखाए। 1.02 करोड़ रुपए 404 बार में 155 लोगों ने डोनेट किए, जिसमें 55 पासपोर्ट इस्तेमाल हुए। आप नेताओं ने हैंडरिटन डेटा शीट्स के जरिए डोनर्स की पहचान छिपाई थी।

---

सीलबंद लिफाफे में होगी पेश

## मणिपुर हिंसा: ऑडियो क्लिप की जांच रिपोर्ट तैयार

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि मणिपुर में जातीय हिंसा के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की कथित संलिप्तता संबंधी लीक ऑडियो क्लिप की फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट तैयार हो चुकी है और इसे शीघ्र ही सीलबंद लिफाफे में दाखिल किया जाएगा।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र और राज्य सरकार की दलीलों पर विचार करते हुए याचिका की सुनवाई पांच मई के बाद के लिए टाल दी। यह याचिका ‘कुकी ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट’ (केओएचयूआर) द्वारा दायर की गई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अनुपस्थिति के कारण सरकार ने सुनवाई स्थगित करने का आग्रह किया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सिंह की कथित भूमिका की एसआईटी जांच की मांग की थी।

उन्होंने कहा कि एक सत्यता परीक्षण प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि ऑडियो में 93 प्रतिशत तक आवाज सिंह की है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही सीएफएसएल से इस ऑडियो की प्रामाणिकता पर रिपोर्ट मांगी थी। अदालत ने कहा कि मणिपुर धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है और मामले को उचित समय पर सुना जाएगा।

**आईपीएल-2025:** विल जैक्स का ऑलराउंड प्रदर्शन, 36 रन बनाए... दो विकेट भी चटकाए

# मुंबई ने हैदराबाद को 4 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की

■ मुंबई इंडियंस प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर ■ सनराइजर्स हैदराबाद: 162 रन/5 विकेट (20 ओवर) ■ मुंबई इंडियंस: 166 रन/ 6 विकेट (18.1 ओवर)


**एजेंसी** | मुंबई

आईपीएल 2025 के 33वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हुआ। मुंबई ने इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 4 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई ने 6 विकेट पर 18.1 ओवर में 166 रन बनाकर जीत हासिल की। जवाब में उतरी मुंबई इंडियंस की टीम ने तेज शुरुआत की। रोहित शर्मा ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंद पर 26 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान रोहित ने तीन सिक्स लगाए। रिकल्टन ने 23 गेंद पर 31 रन का योगदान दिया। सूर्यकुमार 26 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 36 रन की पारी खेली। इसके बाद तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पांड्या ने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचा दिया। आखिर में जब टीम को 1 रन चाहिए था दो विकेट गिरे, हालांकि, तिलक ने चौका लगाकर मैच खत्म किया।




## नहीं चले हैदराबाद के विस्फोटक बल्लेबाज

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हैदराबाद को पहले बल्लेबाजी मिलने के बाद फैंस को उम्मीद थी कि वानखेड़े में बड़ा स्कोर बनेगा, लेकिन हुआ पूरा उल्टा। पहले ही ओवर में हैदराबाद के दोनों सलामी बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला। ओपनिंग जोड़ी को चौके-छक्के जमाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। अभिषेक ने टीम के लिए सवार्धिक 40 रन बनाए, लेकिन हेड (28) अपनी पारी के दौरान बस जूझते ही रहे। इसका असर ये हुआ कि टीम 10 ओवर तक सिर्फ 75 रन और 15 ओवर तक सिर्फ 105 रन ही बना सकी। यहां पर हेनरिक क्लासन (37) ने थोड़ी रफ्तार बढ़ाई और 18वें ओवर में 21 रन कूट दिए। फिर हार्दिक पंड्या के 20वें ओवर में 3 छक्के समेत 22 रन बटोर कर हैदराबाद ने 162 रन का स्कोर हासिल किया। उसके लिए विल जैक्स ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने तीन सफलता हासिल की।




### मोदी 'इंडिया स्टील-2025' का उद्‌घाटन करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल से मुंबई में शुरू होने वाले 'इंडिया स्टील-2025' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस्पात मंत्रालय के अनुसार, तीन दिवसीय कार्यक्रम में 12,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुक, 250 प्रदर्शक और विभिन्न क्षेत्रों, सरकारी विभागों, राज्य सरकारों, देश के प्रतिनिधिमंडलों और भारत और विदेशों से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों का प्रतिनिधित्व करने वाले 1,200 सम्मेलन प्रतिनिधि भाग लेंगे। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभा को संबोधित करेंगे।

### शेयर बाजार में चौथे दिन भी तेजी, सोना भी चमका



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार चौथे दिन भी तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 1,509 अंक चढ़कर 78,553.20 अंक पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 414 अंक बढ़कर 23,851.65 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका-जापान व्यापार वार्ता की प्रगति और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली ने बाजार को समर्थन दिया। आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, कोटक बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली। वहीं, मजबूत वैश्विक मांग के बीच गुरुवार को सोने की कीमत 70 रुपए बढ़कर 98,170 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई।

**पीएम मोदी से मिले दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधि**

# वक्फ विधेयक में संशोधन से मिली राहत, प्रधानमंत्री से कहा- शुक्रिया

■ पुरानी मांग पूरी, वक्फ संपत्ति विवाद पर सरकार ने दिखाया साहस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दाऊदी बोहरा समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर वक्फ (संशोधन) अधिनियम में उनकी मांगों को शामिल किए जाने पर आभार प्रकट किया।

अधिकारियों ने बताया कि समुदाय के सदस्यों ने प्रधानमंत्री से कहा कि वे लंबे समय से इस संशोधन की मांग कर रहे थे और उन्हें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति पर भरोसा है।

इस दौरान अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों के साथ अच्छी बैठक हुई। कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।" एक सदस्य ने बताया कि समुदाय 1923 से वक्फ नियमों से छूट की मांग कर रहा था। एक अन्य सदस्य ने मुंबई स्थित भिंडी बाजार परियोजना का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह 2015 में खरीदी गई संपत्ति पर 2019 में एक व्यक्ति ने वक्फ संपत्ति होने का दावा कर दिया था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ऐसे दावों पर रोक लगाने का साहसिक कदम उठाया है।



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के साथ दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करते हुए।*

### लंबे समय से वक्फ नियमों में सुधार की मांग

समुदाय की ओर से संसद की संयुक्त समिति के समक्ष वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने पक्ष रखा था। समिति की सिफारिशों के आधार पर विधेयक में संशोधन किए गए, जिसे संसद में विपक्ष के विरोध के बावजूद पारित किया गया। हालांकि, अधिनियम की संवैधानिकता को लेकर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। सरकार का कहना है कि यह कानून वक्फ संपत्तियों के पारदर्शी और कुशल प्रबंधन के लिए आवश्यक है। दाऊदी बोहरा समुदाय जो लंबे समय से वक्फ नियमों में सुधार की मांग करता रहा है।

**जी मेंस सेशन-2 रिजल्ट**

# एनटीए ने फाइनल आंसर की जारी कर एक घंटे बाद हटाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एनटीए ने गुरुवार शाम जी मेंस सेशन-2 की फाइनल आंसर की जारी की, जिसे एक घंटे बाद ही वेबसाइट से हटा लिया है। एनटीए ने इसका कोई कारण भी स्पष्ट नहीं किया है। एग्जाम का रिजल्ट भी गुरुवार को जारी होना था, जिसे लेकर देर रात तक कोई अपडेट नहीं था। वेबसाइट से आंसर की हटाने के बाद कैंडिडेट्स में असमंजस की स्थिति नजर आई। बता दें कि सेशन 1 इस साल 22 से 29 जनवरी तक आयोजित किया गया था। इसमें 14 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया है। इनमें से 5 राजस्थान से हैं, जबकि 2 उत्तर प्रदेश के स्टूडेंट्स हैं। 2024 में जी मेन सेशन 1 में 23 टॉपर्स थे, जबकि सेशन-2 में 56 टॉपर्स थे। जी एडवांस्ड के लिए कट-ऑफ पिछले साल जनरल कैटेगरी के लिए 93.2362181 था। भोपाल में जी की कोचिंग पढ़ाने वाले टीचर सिद्धार्थ का कहना है कि चूंकि इस साल टॉपर्स की गिनती घटी है, ऐसे में जी एडवांस्ड के लिए कट-ऑफ भी घट सकता है।

### ब्राउन यूनिवर्सिटी में भाषण देंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अगले सप्ताह अमेरिका दौरे पर जाएंगे। वे 21 और 22 अप्रैल को रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में भाषण देंगे और छात्रों व संकाय सदस्यों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने बताया कि इससे पहले राहुल एनआरआई समुदाय और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इससे पहले सितंबर 2023 में उन्होंने अमेरिका यात्रा के दौरान टेक्सास विवि, वॉशिंगटन डीसी के थिंक टैंक, और नेशनल प्रेस क्लब में संवाद किया था।

**टाइम मैगजीन:** दुनिया की 100 प्रभावशाली हस्तियों की सूची

# बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस को जगह लिस्ट में एक भी भारतीय का नाम नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिका की प्रतिष्ठित टाइम पत्रिका ने साल 2025 में दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क जैसी हस्तियों के साथ ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार और भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले मोहम्मद यूनुस को भी जगह मिली है। हालांकि, इस साल सूची में कोई भी भारतीय नाम शामिल नहीं है। मोहम्मद यूनुस को टाइम मैगजीन की 100 प्रभावशाली हस्तियों की सूची



में जगह पिछले साल छात्रों के विद्रोह के चलते शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश का मुख्य सलाहकार बनने के बाद दी गई है। टाइम में प्रकाशित लेख में अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने मोहम्मद यूनुस की जमकर तारीफ की है। क्लिंटन ने हिंसक छात्र प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश को लोकतंत्र की ओर ले जाने में मोहम्मद यूनुस की भूमिका की सराहना की है। हालांकि, बांग्लादेश के ही राजनीतिक दल अब देश में लोकतंत्र बहाली के मोहम्मद यूनुस के प्रयासों को संदेह की नजर से देख रहे हैं। टाइम 100 सूची दुनिया भर में प्रभावशाली हस्तियों को उनके प्रभाव और नेतृत्व के लिए सम्मानित करती है। इस साल की सूची में राजनीति, मनोरंजन, विज्ञान और व्यापार जगत की कई वैश्विक हस्तियों को शामिल किया गया है, जिनमें से प्रत्येक को पिछले साल के दौरान उनके प्रभाव और योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

### वाराणसी सामूहिक दुष्कर्म मामले में एसआईटी गठित

**वाराणसी।** वाराणसी में 19 वर्षीय युवती से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एसआईटी गठित की है। यह कदम तब उठाया गया जब आरोपियों के परिजनों ने युवती पर रुपए मांगने और झूठे आरोप लगाने का दावा किया। परिजनों ने सोशल मीडिया पोस्ट और सीसीटीवी फुटेज के जरिए युवती को संदिग्ध बताया। उन्होंने दावा किया कि आरोपितों की संख्या 23 होने के बावजूद युवती ने अदालत में केवल 9 का नाम लिया है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और कहा कि जांच टीम में क्राइम ब्रांच और सर्विलांस सेल के अधिकारी शामिल होंगे।

**न्यायिक प्रक्रिया पर पड़ता है अनावश्यक भार**

# 'भारी-भरकम' अपील दाखिल करने की प्रवृत्ति रोकनी होगी: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने वकीलों द्वारा कई पृष्ठों की "भारी-भरकम" अपीलें दाखिल करने और अनावश्यक दस्तावेज संलग्न करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर गुरुवार को कड़ी नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने इस पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, "यह क्या प्रवृत्ति है? अब हर मामला एक लंबा चौड़ा संकलन बनकर हमारे सामने आता है। अपील का सारांश और आधार अलग-अलग रूप में दोहराए जाते हैं। इसे रोका जाना चाहिए।" पीठ ने कहा



कि अपीलों में जो भारी दस्तावेज संलग्न किए जाते हैं, वे अक्सर वादी की आर्थिक स्थिति और वरिष्ठ अधिवक्ता को नियुक्त करने की क्षमता पर आधारित होते हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया पर अनावश्यक भार पड़ता है। अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई कि अपीलों के संकलन में अक्सर मामले के मूल बिंदु और कानूनी आधारों में समन्वय नहीं होता। जस्टिस ओका ने टिप्पणी करते हुए कहा, "हम यह बुनियादी सिद्धांत भूल गए हैं कि कानूनी दलीलों में भावनाओं का स्थान नहीं होना चाहिए। यह हर रोज़ की स्थिति बन गई है, और अब इसे समाप्त करने की आवश्यकता है।" शीर्ष अदालत ने इस प्रवृत्ति को अनुचित बताते हुए आदेश की एक प्रति उच्चतम न्यायालय के 'ऑन-रिकॉर्ड अधिवक्ता संघ' को भेजने का निर्देश दिया ताकि अधिवक्ता अनावश्यक दस्तावेज-दोहराव से बचें।

**आत्मनिर्भर भारत: रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण और नवाचार पर जोर**

# 2029 तक 3 लाख करोड़ के रक्षा उपकरणों का निर्माण

■ भारत बना वैश्विक रक्षा उद्योग का प्रमुख खिलाड़ी: राजनाथ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को 'डिफेंस कॉन्क्लेव 2025' में कहा कि इस वर्ष भारत का रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक होने की संभावना है, और 2029 तक यह लक्ष्य बढ़ाकर तीन लाख करोड़ रुपए किया गया है।

उन्होंने कहा कि भारत अब रक्षा आयात पर निर्भर नहीं रहेगा, बल्कि एक मजबूत स्वदेशी रक्षा उद्योग विकसित करेगा, जो न केवल देश की जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर



निर्यात भी बढ़ाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की रक्षा रणनीति न केवल सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने में भी सहायक है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष रक्षा निर्यात 30,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है और 2029 तक इसे 50,000 करोड़ रुपए तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की रक्षा शक्ति का उद्देश्य किसी विवाद को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाए रखना है। भारत की बढ़ती सैन्य क्षमताएं एक विश्वसनीय प्रतिरोधक शक्ति के रूप में काम कर रही हैं।

### भारत वैश्विक रक्षा उद्योग में निभा रहा अग्रणी भूमिका

रक्षा मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशीकरण और नवाचार की दिशा में हो रहे कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने 200 वर्षों पुराने आयुध कारखानों के निगमीकरण को इस सदी का सबसे बड़ा सुधार बताया और कहा कि अब ये इकाइयां लाभ में हैं। उन्होंने बताया कि अब तक सशस्त्र बलों और रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा कुल 10 स्वदेशीकरण सूचियां जारी की जा चुकी हैं। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में लचीलापन लाने वाला कदम बताया और कहा कि भारत अब वैश्विक रक्षा उद्योग में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### राजनाथ महाराणा प्रताप की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

**छत्रपति संभाजीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर का दौरा करेंगे, जहां वह राजपूत योद्धा राजा महाराणा प्रताप की एक प्रतिमा का अनावरण करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सिंह शाम लगभग साढ़े चार बजे चिकलथाना हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। अधिकारी के अनुसार, इसके बाद मंत्री शाम पांच बजे सिडको के कनॉट प्लेस में 16वीं सदी के मेवाड़ शासक महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे उनका एक होटल में रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह शाम लगभग सात बजे लखनऊ के लिए उड़ान भरेंगे।

**ट्रंप के आदेश से हड़कंप**

# विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक की दी चेतावनी

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका ने अवैध निर्वासन के कदमों के बीच एक और बड़ा फैसला लेकर दुनिया भर में खलबली मचा दी है। अमेरिका ने अपने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के दाखिले पर रोक लगाने की चेतावनी दी है। इससे अमेरिका में पढ़ने वाले और वहां प्रवेश लेने की इच्छा रखने वाले तमाम छात्रों के बीच हड़कंप मच गया है। भारतीय छात्र भी हार्वर्ड विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, भारत ने इस पर चिंता जाहिर की है। बताया जा रहा है कि अमेरिका के गृह मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को चेतावनी दी है कि अगर वह अंतरराष्ट्रीय



छात्र वीजा धारकों की "अवैध और हिंसक' गतिविधियों के बारे में 30 अप्रैल तक रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में विफल रहता है तो विदेशी छात्रों को दाखिला देने की विश्वविद्यालय की प्रक्रिया पर रोक लगा दी जाएगी। इसके साथ ही अमेरिकी मंत्रालय ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए गए 27 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के अनुदान को भी रद्द कर दिया है।

आरआईसी में शुरू हुई प्रसिद्ध फोटोग्राफर सुधीर कासलीवाल की एनालॉग फोटोग्राफी एग्जीबिशन

# तस्वीरों में जीवंत हुई राजस्थान की संस्कृति और साधारण जीवन की असाधारण झलक

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की मिट्टी में रची-बसी संस्कृति, गांवों की धड़कन, और साधारण जीवन की असाधारण झलक को जब कोई कैमरा पकड़ता है तो वह केवल तस्वीर नहीं होती बल्कि एक अहसास होता है। ठीक वैसे ही अहसास के साथ शुरू हुई प्रसिद्ध फोटोग्राफर सुधीर कासलीवाल की एनालॉग फोटोग्राफी एग्जीबिशन 'द सॉन्ग ऑफ लाइट-एन एनालॉग ओडिसी थ्रू राजस्थान', जिसमें बीते छह दशकों की दुर्लभ फिल्म फोटोग्राफ्स राजस्थान की आत्मा को शब्दों के बिना बयां करती हैं। यह प्रदर्शनी आधुनिकता की दौड़ में पीछे छूटती तस्वीरों की एक मोहक वापसी है, जो हमें याद दिलाती है कि सुंदरता सादगी में छिपी होती है।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) के स्थापना दिवस समारोह के तहत लगाई गई यह प्रदर्शनी आरआईसी में 19 अप्रैल तक चलेगी। एग्जीबिशन का उद्घाटन जर्मनी, इंडोनेशिया और इथियोपिया में पूर्व एन्वॉय, एम्बेसडर, गुरजीत सिंह, यूके, बेल्जियम और यूरोपीयन यूनियन में पूर्व एन्वॉय एम्बेसडर गायत्री आई कुमार, कुवैत में पूर्व एन्वॉय और इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस (आईसीसीआर) के पूर्व महानिदेशक एम्बेसडर सतीश मेहता और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर निदेशक निहाल चंद गोयल ने किया। गौरतलब है एग्जीबिशन में पिछले 60 वर्षों में खींची गई 60 से अधिक फिल्म फोटोग्राफ्स प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें कुछ दुर्लभ सिबाक्रोम प्रिंट शामिल हैं।



रिबन काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते सुधीर कासलीवाल, गुरजीत सिंह, गैत्री इस्सर कुमार और सतीश मेहता।





प्रदर्शनी का अवलोकन करते राजदूत गुरजीत सिंह। साथ में हैं गैत्री इस्सर कुमार, सुधीर कासलीवाल और सुधीर माथुर।



### फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए अनूठा अनुभव

इमर्सिव फोटो शो दर्शकों को राजस्थान के बीते युग में ले जाता है, जहां वे पुराने समय की सुंदरता को जीवंत रूप में अनुभव कर सकते हैं। कैमरे के पीछे के जादूगर सुधीर कासलीवाल उन दृश्य और कहानियों को सामने लाए हैं, जो समय के साथ कहीं खो गई थीं और इन अमूल्य फोटोग्राफ्स से उन्हें फिर से जीवित किया है। गौरतलब है कि एग्जीबिशन हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध फोटोग्राफर स्टीव मैककरी की ओर से कासलीवाल की 'डार्करूम 2.0' के उद्घाटन के कुछ दिनों बाद आयोजित की जा रही है। ऐसे में यह अत्याधुनिक डार्करूम 2.0 फोटोग्राफरों और फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए एनालॉग फोटोग्राफी की तकनीक पर अच्छा अनुभव होगी।

## MEET & GREET



*जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां का गुरुवार को होटल रामबाग पैलेस आगमन पर जयपुर व अजमेर के एरिया डायरेक्टर एवं रामबाग पैलेस के जनरल मैनेजर अशोक सिंह राठौड़ ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. पूनियां ने राठौड़ को अपने पुत्र महीप के 27 अप्रैल को होने वाले विवाह समारोह में आमंत्रित किया।*

## गीता कॉन्टेस्ट के परिणाम घोषित



**बेधड़क, जयपुर।** हरे कृष्ण मूवमेंट और राजस्थान शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित गीता कॉन्टेस्ट 2025 के जिला स्तरीय परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। प्रतियोगिता में प्रदेश के 41 जिलों से कक्षा 7 से 12 तक के 72,000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक जिले के टॉपर्स अब 4 मई को होने वाली राज्य स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेंगे। विजेताओं का सम्मान समारोह 15 मई को गुप्त वृंदावन धाम, जगतपुरा में होगा, जिसमें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि रहेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर द्वारा schoolofgita.com के माध्यम से किया गया।

## भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ललित शर्मा



**बेधड़क, जयपुर।** उम्र केवल एक संख्या है। इस सच साबित किया है ललित शर्मा ने, जो 2018 में जयपुर विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत्त होने के बाद टेनिस में पेशेवर कॅरियर की शुरुआत कर ऊंचाई पर पहुंचे हैं। उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने का ख्वाब देखा था, जो अब साकार होने जा रहा है। ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की ओर से 2025 आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टूर वर्ल्ड चैंपियनशिप (11 से 16 मई] फ्लोरिडा-अमेरिका में) में शर्मा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनके साथ राकेश कोहली, अजीत भारद्वाज और ओ.पी. दीक्षित भी टीम का हिस्सा होंगे।

## ऑनलाइन डिग्री कोर्सेज की शुरुआत



**बेधड़क, जयपुर।** मोदी विश्वविद्यालय, लक्ष्मणगढ़ ने आगामी शैक्षणिक सत्र से बी फार्मा, डी फार्मा और विभिन्न ऑनलाइन डिग्री कोर्सेज की शुरुआत की है। डीजीएम एडमिशन प्रवीण झा ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि बीए, बीकॉम, एमकॉम, एमबीए और एमसीए जैसे कोर्स अब ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। पहली से बारहवीं तक के लिए डे स्कूल भी शुरू किया गया है। छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजनाएं घोषित की गई हैं, जिनमें टॉपर्स को 100% तक छूट मिलेगी। साथ ही, अमेरिका, फ्रांस, जापान जैसे देशों में सेमेस्टर एक्सचेंज और इंटर्नशिप के अवसर भी मिलेंगे। विश्वविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना भी की गई है। इस अवसर पर डिप्टी डीन ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन हितेश जांगिड़ व राजीव सिंह भी उपस्थित रहे।

## पुलिस अकादमी में बही भक्ति रसधार



**बेधड़क, जयपुर।** आरपीए स्टेडियम प्रांगण में सजा-धजा स्टेज और उस पर एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियों ने हर किसी की धड़कनें बढ़ा दी। मौका था राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह का, जिसमें संगीतमय वातावरण में राहगीर उर्फ सुनील कुमार गुर्जर का कविता पाठ व गायन अनूठा रहा। वहीं अशोक शर्मा ब्रज होली मंडली डीग भरतपुर ने भी समां बांधा। कार्यक्रम में रौनक और मोहित एंड पार्टी का इंस्ट्रूमेंट वादन और मधु भाट के राजस्थानी एवं बॉलीवुड गायन ने उपस्थित जनसैलाब को गुनगुनाने व झूमने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, सीएस सुधांश पंत, डीजीपी यूआर साहू, जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

# City इवेंट्स

## वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**बेधड़क, जयपुर।** विद्यास्थली पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव गुरुवार को बिड़ला सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें भारतीय संस्कृति, लोकनृत्य और प्रेरणादायक नाट्य मंचन शामिल रहा। समारोह में उपमहापौर पुनीत करनावट, कोटा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.एल. वर्मा, शिक्षाविद् डॉ. विजय कुमार वशिष्ठ और विद्यालय निदेशक योगेन्द्र सिंह अभिभावक उपस्थित रहे। प्राचार्य संध्या सिंह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## संस्कृत भाषा से भेदभाव का आरोप




**बेधड़क, जयपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के तहत सभी भारतीय भाषाओं को समान महत्व देने की बात कही गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर संस्कृत भाषा के साथ भेदभाव के आरोप लग रहे हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी समय-सारणी में संस्कृत को केवल तीन पीरियड मिल रहे हैं, जबकि हिंदी और अंग्रेज़ी को अधिक समय दिया गया है। इस पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी की अध्यक्षता में विद्वत परिषद और भाषा अधिकार कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह नीति के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है।

## सीसी सड़क का लोकार्पण



**बेधड़क, जयपुर।** पीडब्लयूडी की ओर से 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने गुरुवार को वार्ड 146 स्थित पटेल नगर में किया। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद कविता कटियार ने बताया कि पटेल नगर 22 गोदाम क्षेत्र की सड़क लंबे समय से टूटी हुई थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर सराफ ने सड़क के नवीनीकरण का कार्य करवाया है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और विकास समिति के पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विमल कटियार, शरद कटियार, प्रवीण कटियार, श्याम वाधवा, महेश मारवाल, संजय गुप्ता, गजेंद्र मीणा, रामगोपाल सैनी, पूरन सैनी, हीरालाल सैनी, योगेश बिरला, गीता भाटी आदि उपस्थित रहे।

चेतक जोनल क्वालिटी कंट्रोल एंड वर्क्स ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना

# कार्यों की गुणवत्ता और रखरखाव के प्रयासों को मानकों के अनुसार बनाए रखना जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

सप्त शक्ति कमान ने अनूठी पहल करते हुए चेतक जोनल क्वालिटी कंट्रोल एंड वर्क्स ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना भटिंडा मिलिट्री स्टेशन में की है। केंद्र का उद्घाटन लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (आर्मी कमांडर, दक्षिण पश्चिमी कमान) ने किया।

सेंटर में अत्याधुनिक सुविधा, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप्स, ठेकेदारों व कार्यकारी अधिकारियों को गुणवत्ता नियंत्रण, नवीनतम निर्माण तकनीकों तथा निर्माण व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं में उपयोग होने वाली सामग्री की जांच के संबंध में शिक्षित किया जाएगा। इसमें एक जोनल टेस्ट लैबोरेटरी क्वालिटी कंट्रोल सेंटर भी शामिल है, जिससे यह सेंटर चीफ इंजीनियर भटिंडा जोन के लिए न केवल चल रहे सिविल कार्यों की गुणवत्ता जांच का सेंटर बनाया है, बल्कि सिविल इंजीनियरिंग कार्यों के निर्धारित मानकों को सुनिश्चित करेगा।




*ट्रेनिंग सेंटर की जानकारी लेते ले. जनरल मनजिंदर सिंह।*

### कार्यों में आएगी पारदर्शिता

गौरतलब है निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और रखरखाव के प्रयासों को मानकों के अनुसार बनाए रखना जरूरी है, ताकि उनका लंबे समय तक उपयोग किया जा सके। परीक्षण, सैम्पलिंग व निर्माण प्रक्रियाओं की समझ को बढ़ाने के लिए केंद्र तीन भागों में विभाजित किया गया है, जिसमें सिविल इंजीनियरिंग टेस्ट लैब, सैंपल रूम व प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप्स सम्मलित हैं। इससे न केवल कार्यों में पारदर्शिता आएगी, बल्कि एएमडब्ल्यूपी जैसे कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा।



*ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन करते लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह।*

## जयपुर फुट ने छुए नए आयाम, अब नए लक्ष्य

**बेधड़क** | जयपुर

विश्व प्रसिद्ध जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) ने 2024-25 में देशभर में करीब डेढ़ लाख दिव्यांगों का पुर्नवास किया। बी.एम.वी.एस.एस. संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता ने बताया कि 1,49,231 दिव्यांगों को कृत्रिम पैर (जयपुर फुट), कैलीपर्स, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, बैसाखी और श्रवण यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं। भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) इस वर्ष 2024-25 में जयपुर और देश भर के 34 सेंटर्स से 43,722 कृत्रिम पैर (जयपुर फुट) लगाए। विश्व की कोई भी विकलांग पुनर्वास संस्था एक वर्ष में जहां 4000 विकलांगों का पुनर्वास नहीं कर पाती, वहीं बी.एम.वी.एस.एस. ने एक लाख 49 हजार 231 विकलांगों का पुनर्वास किया है। मेहता ने बताया कि विदेशों में करीब 44 हजार विकलांगों का पुनर्वास किया गया है। मेहता ने कहा कि बी.एम.वी.एस.एस. गोल्डन जुबली पर हर विकलांग का पुनर्वास करने का प्रयास करेगी।



## NSS इकाइयों को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

एसएस जैन सुबोध पीजी गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों को राज्य स्तरीय पुरस्कार से नवाजा गया। महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविका घनिष्ठा सिसोदिया को सत्र 2021-22 के लिए राज्य स्तर पर उत्कृष्ट स्वयं सेविका का पुरस्कार मिला। साथ ही सत्र 2022-23 के लिए प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी को संस्थागत श्रेणी में महाविद्यालय के एनएसएस के तहत उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में महाविद्यालय, कार्यक्रम अधिकारी तथा स्वयं सेविकाओं ने वर्ष भर वृक्षारोपण कार्यक्रम, पक्षियों के लिए दाना-पानी, जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक सड़क सुरक्षा, अतिथि व्याख्यान, निशुल्क रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर व नेत्र जांच शिविर छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कौशल प्रशिक्षण, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, हर घर तिरंगा कार्यक्रम आदि किए। कॉलेज संयोजक डॉ. राकेश हीरावत ने प्राचार्या, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयं सेविकाओं को शुभकामनाएं दीं।



पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025





बुद्धिमत्ता संदेह और भय को दूर करती है।

डॉ. जगदीश चंद्र
सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

### जगद्गुरु रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोले ओम बिरला...

# संस्कृत गौरव के संवाहक बन प्राचीन ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाएं विद्यार्थी

- स्वामी अवधेशानंद गिरि को विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि से किया सम्मानित
- विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रदान की गईं उपाधियां और स्वर्ण पदक

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संस्कृत भाषा के प्रसार के साथ उसके ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी रही है। बिरला गुरुवार को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को संस्कृत भाषा में ही रचा।

संस्कृत केवल परंपरा की नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और वैचारिक स्पष्टता की भी भाषा है। उन्होंने कहा कि भारत आज योग, आयुर्वेद और दर्शन के माध्यम से विश्व में सम्मान प्राप्त कर रहा है और ऐसे समय में संस्कृत को नई पीढ़ी से जोड़ना हमारी जिम्मेदारी है। बिरला ने कहा कि जब विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालयों में संस्कृत पर शोध हो रहे हैं, तब भारत में भी इसे नवाचार, तकनीक और डिजिटल युग से जोड़ना समय की मांग है। विश्वविद्यालय द्वारा योग को तकनीकी दृष्टिकोण से पढ़ाने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना की गई। बिरला ने यह भी स्मरण कराया कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना का विचार तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत ने नारायणदास जी महाराज की प्रेरणा से किया था। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और संस्कृत भाषा के गौरव को आगे बढ़ाने का कार्य करें। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और शिक्षा एवं पचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने सभी का अभिनंदन किया और विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में प्रगति प्रतिवेदन पढ़ा।



*जयपुर। जगद्गुरु रामानंदाचार्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जूना अखाड़े के प्रमुख स्वामी अवधेशानंद गिरि को विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि प्रदान करते राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व अन्य।*

### संस्कृत और संस्कृति के संरक्षण के लिए हो कार्य: राज्यपाल

राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि संस्कृत भाषा नहीं, भारत की महान संस्कृति और मानव संस्कारों की जननी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में शिक्षा क्षेत्र में अच्छा मनुष्य बनाने के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने गुरु दक्षिणा के अंतर्गत शिक्षार्थियों को अपने विश्वविद्यालयों में पेड़ लगाने का कार्य किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे जहां विद्यार्थी पढ़े हैं, वहां से उनका सदा के लिए आत्मीय नाता बना रहेगा। उन्होने कहा कि संस्कृत और संस्कृति के संरक्षण के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने भरतमुनि के नाट्यशास्त्र की चर्चा करते हुए कहा कि शिव का तांडव नृत्य और हमारा तमाम कला कौशल संस्कृत भाषा के जरिए ही जन-जन तक पहुंचा है। राज्यपाल ने संस्कृत ग्रंथों के जरिए भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### संस्कृत के पुनर्जागरण से ही भारत बनेगा विश्वगुरु: अवधेशानंद गिरि

**जयपुर।** भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को संजोए रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए वैदिक शिक्षा को अपनाना आवश्यक है। जूना अखाड़े के प्रमुख स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी वेदों के महत्व को समझा जा रहा है। जर्मनी जैसे देशों में विश्वविद्यालयों में वेद पढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में भारत, जो वेदों की जन्मभूमि है, उसे वैदिक शिक्षा को पुनः प्रतिष्ठित करना होगा। उन्होंने राजस्थान को सनातन संस्कृति की पुण्यभूमि बताते हुए कहा कि



यहां सदैव वेद, शास्त्र और संस्कृति को सम्मान मिला है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा वैदिक शिक्षा एवं संस्कृत बोर्ड के गठन को एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इससे वेद विद्यालयों, पाठशालाओं और यज्ञशालाओं को संरक्षित और सशक्त किया जा सकता है। इससे पहले संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि संस्कृत विश्व की प्राचीन भाषाओं की सूत्रधार है। उन्होंने संस्कृत शिक्षा को आधुनिक ज्ञान विज्ञान का आधार बताया। दिलावर ने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है, जिसने वैदिक एवं संस्कृत शिक्षा को संस्थागत रूप देने के लिए अलग बोर्ड का गठन किया है। प्रदेश में बड़ी संख्या में वैदिक पाठशालाएं और यज्ञशालाएं संचालित हो रही हैं।

## बेधड़क FIRST

### परिवहन विभाग में RTO कर रहे डेपुटेशन

नजदीकी लोगों को उपकृत करने के लिए RTO ने नया रास्ता निकाला है। कई RTO अपने रीजन में मनमर्जी से कार्मिकों का डेपुटेशन कर रहे है। 3 से 4 RTO ऐसे हैं, जिन्होंने रीजन में कार्मिकों की मनचाही पोस्टिंग की। तबादलों पर प्रतिबंध के कारण ऐसा करना नियमों के अनुसार गलत है, लेकिन परिवहन मुख्यालय को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### JDA की प्रस्तावित नई तीन योजनाओं का इंतजार

जेडीए की ग्राम बस्सी में गंगा विहार, चाकसू के काठावाला में यमुना विहार और बैनाड़मय दौलतपुरा के ग्राम डाबरी में स्थित सरस्वती विहार में प्रस्तावित योजनाओं का लोग बेसब्री से इंतजार रहे हैं। हफ्ते भर पहले इन तीनों योजनाओं का रेरा राजस्थान में रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है। UDH मंत्री झाबर सिंह खर्रा के हाथों इनकी लांचिंग की जानी हैं।

### आबकारी विभाग को मिला बड़ा लक्ष्य

आबकारी आयुक्त को राजस्व वसूली का बड़ा आंकड़ा मिला है। इसको लेकर आयुक्त ने जोन वाइज लक्ष्य आवंटित किया है। सरकार ने 19720 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है। हर जोन को अप्रैल, 25 से मार्च, 2026 तक राजस्व वसूली का लक्ष्य है। सभी जोन के लिए मार्च, 2026 में वसूली का लक्ष्य भारी पड़ेगा।

### क्या राजस्थान कांग्रेस में है 'स्लीपर सेल'?

PCC चीफ गोविंद डोटासरा के बयान ने हलचल मचाई है। कहा, रात में भाजपा नेताओं से बात करने वाले नेताओं की कांग्रेस को जरूरत नहीं है। गत दिनों गुजरात में राहुल गांधी ने स्लीपर सेल की चर्चा की थी। जल्द ही ऐसे नेताओं को चिन्हित कर दूर किया जाएगा।

### कमाई का अड्डा बन रहा SMS स्टेडियम!

राज्य सरकार खेल सुविधाएं देने में जुटी है, लेकिन खेल परिषद कमाई के तरीके तलाश रही है। वर्षों से SMS स्टेडियम पर संचालित स्वीमिंग पूल को एक करोड़ रुपए में ठेके पर दे दिया है। परिषद खुद तैराकी एकेडमी चलाने में फेल हुई। इससे पहले स्क्वैश एकेडमी को परिषद ने ठेके पर दे रखा है। क्रिकेट एकेडमी भी पहले एक कंपनी को ठेके पर दी गई थी। तो क्या सभी खेल मैदान धीरे-धीरे ठेके पर देगी खेल परिषद? सिर्फ मेडलिस्ट खिलाड़ी ही फ्री में तैर सकेंगे। तो क्या अब तैराक तैयार होने के लिए खेल परिषद पैसा वसूलेगी?

### कांग्रेस का मिशन 'संगठन मजबूती'

जिलाध्यक्षों की मजबूती के बाद मंडल अध्यक्ष मजबूत होंगे। हाईकमान ने मंडल अध्यक्षों की मजबूती का 'खास प्लान' बनाया है। मंडल अध्यक्षों को पहले 'बूथ मैनेजमेंट' का टास्क देंगे। इनसे जमीनी मुद्दों और लोगों की समस्याओं का फीडबैक भी लिया जाएगा। मंडल अध्यक्ष घर-घर जाकर कांग्रेस की विचारधारा का प्रचार करेंगे। सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर ग्राउंड पर माहौल बनाएंगे। अच्छा काम करने वाले मंडल अध्यक्षों की राहुल गांधी और अध्यक्ष खड़गे से मुलाकात कराई जाएगी। बीजेपी मॉडल को कॉपी करते हुए मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं।

### रणथंभौर में जोन 1 से 5 क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट

रणथंभौर में जोन 1 से 5 में टाइगरों की संख्या अधिक होने से क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट बने हुए हैं। मलिक, राजबाग और पदम तालाब के चलते अधिकांश वन्यजीवों का मूवमेंट इन जोन में देखने को मिल रहा है। रणथंभौर में पहले 5 जोन में 25 बाघ, 11 गांव और 2500 परिवार हैं। ऐसे में त्रिनेत्र की दर को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित बनाना अनिवार्य है। नेशनल पार्क में वन्यजीवों का स्वच्छंद विचरण रोकना न तो मुमकिन है और ना ही तर्कसंगत। इसलिए सुरक्षित शटल और कैंटर सर्विस व अन्य उपाय किए जा सकते हैं। साथ ही पदयात्रा, दुपहिया वाहन चालक और निजी वाहनों पर पूरी तरह रोक जरूरी है। श्रद्धालुओं को लाने ले जाने के लिए शटल सर्विस और रोस्टर से बाहर रहने वाले कैंटर बेहतर विकल्प हो सकते हैं। किले की क्षतिग्रस्त दीवारों की पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग या वन विभाग द्वारा मरम्मत कराना अनिवार्य है। जोगी महल गेट से त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक बुधवार व मेले के समय वनकर्मियों की तैनाती जरूरी है। जोगी महल से त्रिनेत्र गणेश मंदिर तक सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए। टाइगर मूवमेंट की सूचना के लिए मंद ध्वनि के हूटर लगाने चाहिए। इन सब के लिए मंदिर ट्रस्ट, वन, पुलिस व प्रशासन और पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की जॉइंट टीम बनानी चाहिए।

### पोकरण में 1.3 गीगावॉट की पीक पावर क्षमता वाले सोलर प्रोजेक्ट का उद्घाटन

# सौर एवं अक्षय ऊर्जा में राजस्थान सिरमौर

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास को लेकर प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी की सहभागिता से राजस्थान में ऊर्जा के क्षेत्र में हरित और उज्जवल भविष्य का निर्माण करेंगे, जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान की संकल्पसिद्धि हो सके।

मुख्यमंत्री गुरुवार को जैसलमेर के पोकरण में रिन्यू पावर के 1.3 गीगावॉट पीक के सौर ऊर्जा संयंत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसलमेर की सुनहरी धरा पर स्थापित इस सोलर प्लांट से राज्य में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर किए जा रहे कार्यों को गति मिलेगी। इस सोलर प्लांट से उत्पादित समस्त बिजली राजस्थान की वितरण कंपनियों को कम दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को ऊर्जा निर्बाध रूप से मिल सकेगी तथा भविष्य की परियोजनाओं के लिए भी एक बेंचमार्क तैयार होगा। इस संयंत्र से 1,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा पर्यावरण के अनुकूल और सबसे स्वच्छ ऊर्जा है।

अन्य ऊर्जा स्त्रोतों के भंडार सीमित हैं लेकिन सौर ऊर्जा का कोई क्षय नहीं होता है, यह अक्षय ऊर्जा है। हर परिवार सौर ऊर्जा का उत्पादक बन सकता है।



*जैसलमेर के पोकरण में 1.3 गीगावॉट की पीक पावर क्षमता वाले सोलर प्रोजेक्ट का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, मुख्यमंत्री भजनलाल और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर।*

### ऊर्जा को नया आयाम दे रहा है राजस्थान: जोशी

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने जैसलमेर के पोकरण में 1.3 गीगावॉट की पीक पावर क्षमता वाले सोलर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार केंद्र सरकार द्वारा लगातार ऊर्जा उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पहला इतना बड़ा सौर ऊर्जा का प्लांट है। इससे यह प्रतीत होता है कि राजस्थान न सिर्फ सूरज की ऊर्जा का सदुपयोग कर रहा है, बल्कि भारत के ऊर्जा परिवेश को नया आयाम भी दे रहा है। विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप ऐसे संयंत्रों से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

# बिहार के राज्यपाल ने की देवनानी से मुलाकात

**बेधड़क** | जयपुर

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा का दौरा किया। विधानसभा परिसर पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उनका पुष्प गुच्छ और दुपट्टा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर देवनानी ने उन्हें विधानसभा डायरी, कैलेंडर और नवाचारों पर आधारित 'एक वर्ष' पुस्तक की प्रति भी भेंट की। इस दौरान दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इनमें वक्फ संशोधन विधेयक 2025, पुराने पुलिस कानूनों में समयानुकूल बदलाव की आवश्यकता, तथा दोनों राज्यों के विधानमंडलों से जुड़े विविध मुद्दे शामिल थे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने विधानसभा के भवन और सदन का भी अवलोकन किया।



### देवनानी को कल मिलेगा मेवाड़ गौरव सम्मान

**नई दिल्ली/जयपुर।** विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी को उनके सामाजिक योगदान, नवाचारों और वैचारिक क्रांति के लिए मेवाड़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें शनिवार को जयपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी के 105वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन जन चेतना मंच द्वारा 'जागृत परिवार ही सशक्त राष्ट्र का आधार' विषय पर आयोजित स्व. सुंदर सिंह भंडारी स्मृति व्याख्यान माला और अभिनंदन समारोह के अंतर्गत किया जाएगा।

### IAS प्रोफेशनल कोर्स फेज-वन का समापन

# सत्ता विशेषाधिकार नहीं एक जिम्मेदारी है: शेखावत



**बेधड़क. मसूरी।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि सत्ता कोई विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदारी है। इसलिए एक सिविल सेवक को सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा का अधिकारी बनकर काम करना चाहिए। मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में गुरुवार को आईएएस प्रोफेशनल कोर्स फेज-वन के समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अकादमी से विदाई के साथ आप अब उस मार्ग पर अग्रसर हो चुके हैं, जहां केवल योग्यता ही नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, विवेक और सतत प्रतिबद्धता की भी आवश्यकता होती है, क्योंकि आपके निर्णय केवल कागजों तक सीमित नहीं होंगे, बल्कि करोड़ों जिंदगियों को दिशा देंगे। कभी एक छात्र के भविष्य को, कभी एक किसान की उम्मीदों को तो कभी एक महिला की सुरक्षा को। यह कार्य सिर्फ नौकरी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र-निर्माण की साधना है।

### मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टर्स की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

# 25 फ्लैगशिप स्कीम्स पर करें फोकस: सीएस पंत

**बेधड़क** | जयपुर

जिला स्तरीय मासिक जनसुनवाई में गुरुवार को आयोजित मुख्य सचिव सुधांश पंत भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। जनसुनवाई के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टर्स से संवाद किया। इस दौरान हनुमानगढ़ के जिला कलेक्टर के जनसुनवाई में शामिल नहीं होने पर मुख्य सचिव ने नाराजगी जताई।

साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी असंतोष व्यक्त किया। मुख्य सचिव ने राज्य सरकार द्वारा संचालित 25 फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता तक इन सभी योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। इसके लिए जन-जागरूकता फैलाने के साथ ही सरकारी भवनों और जन सेवा केंद्रों पर इन योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की जाए।

### अधिकारियों से रात्रि चौपाल की मांगी सूचना

जनसुनवाई में मुख्य सचिव ने यह भी नाराजगी जताई कि कई अधिकारी रात्रि चौपाल के दौरान रात्रि विश्राम नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा केवल रात्रि चौपाल को ही रात्रि विश्राम के रूप में दर्शा दिया जाता है, जो कि सरकार के आदेशों का उल्लंघन है। अब अधिकारियों को रात्रि चौपाल, रात्रि विश्राम और निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट भेजनी होगी। रिपोर्ट में रात्रि विश्राम की तिथि के साथ उस



सरकारी भवन का विवरण देना होगा, जहां अधिकारी ने विश्राम किया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अधिकारियों को केवल सरकारी स्थल अथवा सरकारी भवन में ही रात्रि विश्राम करना होगा। इस संबंध में संभागीय आयुक्त को एक सप्ताह के भीतर सूचना भेजने के निर्देश दिए गए हैं। संभागीय आयुक्त को कलेक्टर के साथ एडीएम और एसडीएम की फील्ड विज़िट की रिपोर्ट भी सरकार को भेजनी होगी। इसके अलावा, सीएस ने 1 अक्टूबर से 31 मार्च तक अधिकारियों के सभी दौरों और निरीक्षणों की रिपोर्ट भी मांगी है।

### 199 फरियादियों की सुनीं समस्याएं



जयपुर जिले की जनसुनवाई कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जनसुनवाई में नगर निगम, जेडीए, जलदाय विभाग, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर फरियादी पहुंचे। इस जनसुनवाई में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, वहीं एसडीओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जनसुनवाई में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक मनीष यादव, शिखा मील बराला सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राजस्व प्रकरणों से जुड़े 76 मामलों सहित कुल 199 फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं, जिनमें से 18 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।